chomuchopal@gmail.com
www.chomuchopal.com

# चौमूं चौपाल

जयपुर से प्रकाशित...

अपना शहर...अपनी खबर

PRGI No: RJBIL/25/A4610 हिन्दी साप्ताहिक

वर्षः 01 | अंकः 22 | जयपुर-चौमूं, सोमवार 01 जून, 2026 | मूल्यः 2.00 रुपए | पृष्ठः 12

पार्टी बदली - चेहरा बदला, लेकिन ...

# नहीं बदल सके शहर के हालात

## ढाई साल से बदहाली का दंश झेल रही विधायक कार्यालय सड़क का बेड़ा उठाया पूर्व विधायक ने - स्थानीय लोगों ने पूर्व विधायक को सौंपा ज्ञापन ....

विकास शर्मा@चौमूं चौपाल

**चौमूं।** लम्बे वादों की लिस्ट थामें मंच पर बड़े बड़े भाषणों का गुब्बार अब सिकुड़ने लगा है। हजारों लोगों के विश्वास का हनन अब दिखाई देने लगा है। पानी - बिजली - सड़क से चली सियासत की कहानी का खात्मा अब होने लगा है। जिसे विकास का हीरा माना अब वह पत्थर निकलने लगा है। जी आज यह लाइन उस शख्स के लिए लिखीं गई वह कोई ओर नहीं राजधानी के चौमूं विधानसभा की विधायिका है। जिनको शहर के विकास और भविष्य के लिए विधानसभा भेजने के लिए उपखंड के 85 हजार मतदाताओं ने अपना बहुमूल्य मत सौंप था । लेकिन ढाई साल बाद आज धरातल पर जनता के बीच समस्याओं को छोड़ वह चेहरा ग़ायब हो गया। आपको जानकर हैरानी होगी किजनता ही नहीं स्वंय विधायक भी शहर की बदहाली से इस कदर परेशान हैं कि बड़ी मुश्किल से विधायक अपने कार्यालय पर पहुंच पाती है। पिछले ढाई साल से बदहाली की इस सड़क को लेकर हालांकि कई



राजनीतिक चर्चा अक्सर हुई है। लेकिन धरातल पर परिणाम अनुकूल नहीं रहे। 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी में आए नए चेहरे ने वादों और भाषणों की बदौलत विधानसभा की राह तो सुनिश्चित कर ली। लेकिन समय के साथ जन दरबार के रास्ते विधायक के बंद से नज़र आने लगे हैं। ढाई साल की विधायकी में विधायक ने अपने वादों की लम्बी लिस्ट का अभी उद्घाटन तक नहीं किया। जिसको लेकर अब चौमूं शहर वासी खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

पानी की भारी किल्लत के साथ साथ बिजली गुल की समस्या आज भी शहर में बरकरार है। आज भी शहर में चारों ओर गंदगी का आलम है, आज भी शहर की टूटी सड़कें, चौराहों पर लगता लम्बा जाम जनता को हर जगह हर पल खुद को ठगा सा महसूस करवा रहा है। सालों से वादों के पुलिंदे देखते देखते जनता ने जिस आस से अपना विश्वास जताया आज वही विश्वास एक विष के समान हो रहा है। बड़ी विडंबना की बात है कि विधायक कार्यालय के बाहर की सड़क को दुरुस्त करवाने के लिए सैंकड़ों लोगों को उस नेता के पास जाकर गुहार लगानी पड़ रही है। जिस पर कभी जनता ने अपने मत से अविश्वास की मोहर छापी थी।



## ढाई साल बाद भी अपनी बदहाली पर आंसू बहाती कचोलिया सड़क ....

### स्थानीय निवासियों की माँग पर शर्मा ने अधिकारियों को समस्या के समाधान दिए निर्देश...

आपको बता दें कि नगर परिषद चौमूं के कचोलिया रोड के स्थानीय निवासियों ने रविवार को सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने कचोलिया रोड मार्ग पर लंबे समय से व्याप्त बुनियादी सुविधाओं के अभाव और विकट समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में नागरिकों ने बताया कि कचोलिया रोड वर्तमान में जलभराव के कारण बेहद दयनीय स्थिति में है। कचोलिया रोड पर पानी की निकासी की कोई सुदृढ़ व्यवस्था नहीं है। सामान्य बारिश के दौरान भी पूरी सड़क पर गंदा और वर्षा का पानी हमेशा भरा रहता है। कीचड़ और लगातार जलभराव के कारण आमजन का पैदल चलना और वाहनों का आना-जाना पूरी तरह दूभर हो चुका है। इस विकट समस्या से कचोलिया रोड के स्थानीय दुकानदारों का व्यापार भी पूरी तरह ठप हो गया है। अतः यहाँ जल निकासी हेतु एक सुव्यवस्थित और पक्के नाले का निर्माण कराया जाए साथ ही वर्तमान समय में यह मुख्य सड़क पूरी तरह टूट चुकी है और जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जनता की सुरक्षा और सुविधा के लिए इस पूरी सड़क का यथासंभव चौड़ाई के साथ नए सिरे से पुनर्निर्माण करवाया जाए। सड़क और गहरे गड्ढों में लगातार गंदा पानी जमा रहने के कारण पूरे क्षेत्र में मच्छरों का भारी प्रकोप फैल गया है। इससे स्थानीय निवासियों और वहाँ से गुजरने वाले नागरिकों में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी घातक व संक्रामक बीमारियों के फैलने की गंभीर आशंका बनी हुई है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने नागरिकों की समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता और ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को मौके पर बुलाकर तुरंत समस्या का समाधान करने और जल्द से जल्द नाला व सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर कचोलिया रोड पर स्थित अशोक विहार , मगध नगर ,बौद्ध विहार ,नीलकंठ विहार , गणेश विहार, लक्ष्मी विहार, विष्णु विहार स्थित कालोनी के नागरिकों ने मिलकर ज्ञापन दिया। इस अवसर पर नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, सुरेश जी विजयवर्गीय पार्षद मुकेश सिद्ध, महावीर शर्मा, एड. सुनील जी उप्पल, बंशीधर डागर, राज कुमार बराला, रामस्वरूप नासना, अशोक चौधरी, रामेश्वर नासना, हजारी प्रसाद जांगिड़, सोहन लाल जांगिड़, माधव प्रसाद शर्मा, गोविंद जी झालानी, सोनू जी कामदार, निलेश सर्राफ, दिनेश अग्रवाल, डॉ. सुमन चौधरी, अजय शर्मा, विकाश शर्मा, दिनेश शर्मा, राम मनोहर शर्मा, रूपेश जांगिड़, मुकेश खांडल सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



# देश में युवाओं का बढ़ता आक्रोश हमें कुछ बताता है



**कमलेश शर्मा**
चीफ एडीटर

विचार मंच

आज सब तरफ कॉकरोच शब्द की चर्चा है। किन्तु इसके हमारे राजनीतिक शब्दकोश का हिस्सा बनने से बहुत पहले ही मैं इस शब्द का उपयोग करता आ रहा हूं। ईश्वर न करे, लेकिन कल किसी परमाणु विस्फोट में दुनिया नष्ट हो जाए, तब भी केवल कॉकरोच ही जीवित बचेंगे। एक ग्रेट-सर्वाइवर से राजनीतिक प्रतिरोध के प्रतीक तक, कॉकरोचों ने एक लंबी यात्रा तय की है। कॉकरोच जनता पार्टी या सीजेपी का उदय उस व्यवस्था के प्रति बढ़ते जनाक्रोश को दर्शाता है, जो इतनी खण्डित हो चुकी है कि प्रदर्शनकारियों को लोकतंत्र पर मंडराते खतरों की ओर संकेत करने के लिए एक कीड़े की छवि का सहारा लेना पड़ा है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जिसमें नेतागण सम्राटों की तरह व्यवहार करने लगे हैं और विपक्ष कोई विश्वसनीय चुनौती पेश नहीं कर पा रहा है। इसी शून्य में कॉकरोच रेंगता हुआ प्रवेश करता है- एक ऐसा प्राणी, जिससे हमें घृणा करना और डरना सिखाया गया है, फिर भी जो हर तरह की विपत्ति के बीच जीवित रहने की क्षमता रखता है। यह तथ्य कि एक अपेक्षाकृत अनजान पोलिटिकल कम्युनिकेशन स्ट्रैटेजिस्ट द्वारा किसी अमेरिकी विश्वविद्यालय में बैठकर शुरू किया गया एक व्यंग्यात्मक आंदोलन अचानक सत्ता गलियारों में बेचैनी पैदा कर दे, अपने आप में बहुत कुछ बताता है। आखिर एक शक्तिशाली राष्ट्र को मुख्य न्यायाधीश की गैर-जरूरी टिप्पणी से उपजे ऑनलाइन-आंदोलन से चिंतित क्यों होना चाहिए? भारत के बेरोजगार युवाओं का मानो उपहास करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने अनजाने में एक तीखी प्रतिक्रिया को जन्म दे दिया : क्रोध, अलगाव और व्यंग्य से संचालित एक डिजिटल विद्रोह। तब से लाखों युवा भारतीय इसके इर्द-गिर्द एकजुट हो चुके हैं। इस पूरी घटना को विशेष रूप से दिलचस्प बनाने वाली बात यह है कि सीजेपी वास्तव में कोई राजनीतिक दल नहीं है। उसका न कोई नेता है, न कार्यालय, न कार्यकर्ता-तंत्र, न कोई संगठनात्मक ढांचा। 1.5 अरब की आबादी और असाधारण विविधता वाले इस देश में केवल साइबर-स्पेस में मौजूद एक आंदोलन को सिद्धांततः यथास्थिति के लिए खतरा नहीं होना चाहिए। फिर भी खतरा क्यों महसूस किया जा रहा है? सीजेपी पर विदेशी फंडिंग से संचालित होने का आरोप लगाया जा रहा है। झूठा दावा किया जा रहा है कि उसके अनेक समर्थक पाकिस्तानी हैं। उसके सोशल मीडिया हैंडल्स को ब्लॉक किया जा रहा है। कुछ लोगों ने तो उसे आम आदमी पार्टी का प्रॉक्सी सिद्ध करने की भी कोशिश की। यह सब एक प्रकार की संशयग्रस्त मानसिकता को उजागर करता है। इस घबराहट के पीछे कई कारण हैं। अव्वल तो यही कि यह काफी हद तक नैरेटिव को कंट्रोल करने का दौर है। इस दौर का राजकाज चौबीसों घंटे चलने वाले किसी विज्ञापन-अभियान जैसा प्रतीत होता है उपलब्धियों का प्रचार करो, विफलताओं को दबा दो, नारे बदलो और आगे बढ़ जाओ। करोड़ों नौकरियां जिनका वादा किया गया था नहीं मिलीं, किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई, पेपर लीक लगातार जारी हैं- लेकिन नैरेटिव-प्रबंधन यह सुनिश्चित करता है कि आम धारणा, प्रदर्शन पर भारी पड़े। ऐसे में यह चीज परेशान करने वाली लग सकती है कि इंटरनेट के ये कॉकरोच किसी लिखी हुई पटकथा का पालन करने से इंकार कर रहे हैं। दूसरे, युवाओं का आक्रोश चुनावी दृष्टि से महत्व रखता है। ऊंची जीडीपी वृद्धि के आंकड़ों और उग्र राष्ट्रवाद के शोर के पीछे एक ऐसी पीढ़ी मौजूद है, जो गहरी असुरक्षा से जूझ रही है। लाखों शिक्षित युवा रोजगार के घटते अवसरों, परीक्षाओं के बढ़ते दबावों और ऐसी अर्थव्यवस्था का सामना कर रहे हैं, जहां स्थायी नौकरी पाना लगातार दूर की कौड़ी बनता जा रहा है। बहुतों के लिए यह निराशा अब चिरस्थायी हो चुकी है। उन्हें लगता है कि राजनेता उन्हें केवल चुनावों के समय ही देखते हैं और केवल तभी सुनते हैं, जब वे विरोध-प्रदर्शन करते हैं। यह आक्रोश केवल वैचारिक ही नहीं है, यह कई मायनों में व्यक्तिगत भी है। यह हालिया चुनावों में भी स्पष्ट दिखाई दिया, विशेषकर तमिलनाडु में, जहां विजय की लोकप्रियता ने पारम्परिक राजनीति से तंग आ चुके युवा मतदाताओं को बड़े पैमाने पर आकर्षित किया। पूरे भारत में युवा मतदाता अब पुराने और जड़ राजनीतिक विचारों को लगातार अस्वीकार कर रहे हैं। वे ताजगी, प्रामाणिकता और भावनात्मक जुड़ाव की तलाश में हैं। मीम-संस्कृति उनके प्रतिरोध की भाषा बन चुकी है। और याद रहे कि व्यंग्य हमेशा राजनीतिक हथियार साबित होता है। अधिनायकवादी व्यवस्थाएं हास्य-व्यंग्य के सामने खुद को आश्चर्यजनक रूप से असुरक्षित ही पाती हैं। पूरे भारत में ही युवा मतदाता अब पुराने और जड़ राजनीतिक विचारों को लगातार अस्वीकार कर रहे हैं।

## चौमूं में 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म

**महिला के सामने ही उसके परिचित युवक ने की ज्यादती**



**विकास शर्मा@चौमूं चौपाल**

**चौमूं।** चौमूं थाना इलाके में 13 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में पीड़िता के पिता ने एफआईआर दर्ज कराई है। चौमूं थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह ने बताया कि पीडिता के पिता ने पुलिस थाने में एक रिपोर्ट दर्ज करवाई है और रिपोर्ट में बताया कि 18 मई को उनकी बेटी चौमूं में रहने वाली रिश्तेदार महिला के पास उसकी 5-6 महीने की बच्ची की देखभाल के लिए गई थी। इस दौरान रिश्तेदार महिला अपने परिचित युवक को घर ले आई। दोनों ने घर पर शराब पी। उन्होंने बेटी को भी शराब पीने को कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। इसके बाद युवक ने महिला के सामने ही नाबालिग किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद दोनों ने बेटी को घर में बंद कर दिया और फरार हो गए। बेटी ने खुद को संभाला तो खिड़की से मकान मालिक की पत्नी को आवाज लगाई। मकान मालिक की पत्नी ने बाहर निकालकर इसकी सूचना उसके पिता को दी। पिता जब घर पहुंचे तो बेटी डरी-सहमी हुई अवस्था में थी। पूछने पर बेटी ने पूरी आपबीती घटना बताई। इसके बाद चौमूं पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। इस मामले में पुलिस ने नाबालिग बालिका का मेडिकल कराकर बयान दर्ज किए। अब चौमूं थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

## वैवाहिक वर्षगांठ पर गौवंश को खिलाए 30 क्विंटल तरबूज



**रींगस।** भीषण गर्मी के बीच गौवंश की सेवा का अनूठा उदाहरण सामने आया। शेखावाटी पत्रकार संस्थान के सचिव हरीश गुर्जर ने अपनी 13वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर श्री सीताराम गौशाला कुएं पर बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गायों की सेवा करते हुए करीब 30 क्विंटल तरबूज खिलाए। इस दौरान संस्थान के संरक्षक प्रदीप शर्मा एवं भैरुजी मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष फूलचंद गुर्जर के सानिध्य में गौसेवा कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने गौवंश को तरबूज खिलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। हरीश गुर्जर ने कहा कि जीवन के खुशी के अवसरों को सेवा कार्यों से जोड़ना चाहिए। उन्होंने लोगों से जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ और अन्य विशेष अवसरों पर गौसेवा सहित जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया। गर्मी के मौसम में तरबूज खिलाने से गौवंश को राहत मिली। गौशाला समिति के सदस्यों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य द्वारका प्रसाद कौशिक, पूर्व अध्यक्ष बीएल सरोज, निवर्तमान पार्षद महेश अग्रवाल, ज्ञानचंद प्रहलादका, विजय खुटेटा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमावत, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार खींची, लोकेश शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, मदन लाल सारण, रमेश कुमावत, सुनील घोड़ेला, तनसिंह शेखावत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# डिजिटल दुनिया में खोता 'बचपन'

## आउटडोर खेलों से दूरी बना रहे बच्चे

## माता-पिता रखें नजर, मोबाइल की लत से बचाने के लिए तय करें नियम

**कृष्ण कुमार वर्मा@चौमूं चौपाल**

**मनोहरपुर।** एक समय था, जब गांवों और शहरों की गलियां शाम ढलते ही बच्चों की किलकारियों से गूंज उठती थीं। कहीं क्रिकेट की पिच सजती थी, कहीं फुटबॉल का मुकाबला चलता था तो कहीं सितोलिया, कबड्डी और साइकिल रेस का रोमांच दिखाई देता था। बच्चे घंटों तक मैदानों में दौड़ते-भागते रहते थे और मां की आवाज सुनाई देती थी- अंधेरा हो गया, अब घर आ जाओ लेकिन अब तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। आज बच्चों के कदम मैदानों की ओर कम और मोबाइल स्क्रीन की ओर ज्यादा बढ़ रहे हैं। आउटडोर खेलों की जगह मोबाइल गेम्स ने ले ली है। पहले बच्चों के हाथों में बल्ला, गेंद और साइकिल दिखाई देती थी, अब मोबाइल और टैबलेट नजर आते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार लगातार बढ़ता स्क्रीन टाइम बच्चों की आंखों, दिमाग और शरीर तीनों पर नकारात्मक असर डाल रहा है। कम उम्र में ही बच्चों में मोटापा, आंखों की कमजोरी, गर्दन दर्द, चिड़चिड़ापन और एकाग्रता की कमी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

मोबाइल की लत के साथ-साथ जंक फूड भी बच्चों की सेहत को कमजोर बना रहा है। पिज्जा, बर्गर, कोल्ड ड्रिंक, चिप्स, कुरकुरे और पैकेट फूड अब बच्चों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। पौष्टिक भोजन से दूरी के कारण बच्चों का शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा है। पहले बच्चे घर का बना खाना खाकर मैदानों में पसीना बहाते थे, जिससे उनका शरीर मजबूत रहता था। अब लंबे समय तक बैठे रहने और गलत खानपान की वजह से बच्चों का स्टेमिना तेजी से घट रहा है। थोड़ी देर दौड़ने या खेलने पर ही बच्चे थक जाते हैं।



### इनका कहना है...



लगातार मोबाइल का उपयोग करने से बच्चों की आंखों पर दबाव बढ़ रहा है। वहीं शारीरिक गतिविधियां कम होने के कारण मोटापा, कमजोरी और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं भी तेजी से सामने आ रही हैं। बच्चों को प्रतिदिन कम से कम एक से दो घंटे आउटडोर खेल जरूर खेलने चाहिए। माता-पिता को भी जिम्मेदारी निभाते हुए बच्चों का ध्यान मोबाइल से हटाकर खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों की ओर लगाना चाहिए।

**-डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा, शिशुरोग विशेषज्ञ, सीएचसी, मनोहरपुर**

### घरों में सिमटता जा रहा बचपन

आज का बचपन चारदीवारी और स्क्रीन के बीच कैद होकर रह गया है। बच्चे घंटों तक मोबाइल पर वीडियो देखने, गेम खेलने और सोशल मीडिया में व्यस्त रहते हैं। इसका असर उनकी सेहत, व्यवहार और मानसिक विकास पर साफ दिखाई देने लगा है।

### अभिभावकों की बढ़ी जिम्मेदारी

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर समय रहते बच्चों की दिनचर्या में बदलाव नहीं किया गया तो आने वाले समय में यह स्थिति और गंभीर हो सकती है। अभिभावकों को बच्चों के स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण रखना होगा और उन्हें खेलकूद, योग, साइकिलिंग और आउटडोर एक्टिविटी की ओर प्रेरित करना होगा। बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के लिए परिवार को भी समय देना जरूरी है। यदि माता-पिता स्वयं मोबाइल में व्यस्त रहेंगे तो बच्चों पर उसका असर पड़ना स्वाभाविक है।

### जरूरी है मैदानों की ओर वापसी

बचपन का असली आनंद मोबाइल स्क्रीन में नहीं, बल्कि मिट्टी के मैदानों, दोस्तों के साथ खेल और खुली हवा में छिपा है। जरूरत इस बात की है कि बच्चों को फिर से खेलकूद की दुनिया से जोड़ा जाए, ताकि उनका बचपन स्वस्थ, मजबूत और खुशहाल बन सके।

# चुनावी दावेदारों में बढ़ी 'हलचल'

## चौपालों से लेकर चाय की थड़ियों तक चुनावी चर्चाएं तेज

**कृष्ण कुमार वर्मा@चौमूं चौपाल**

**मनोहरपुर।** भीषण गर्मी के बीच पंचायत और निकाय चुनावों की आहट ने गांवों से लेकर शहर तक सियासी पारा भी चढ़ा दिया है।

राजस्थान हाईकोर्ट के 31 जुलाई तक चुनाव कराने के निर्देश के बाद संभावित दावेदार सक्रिय हो गए है और चौपालों से लेकर चाय की थड़ियों तक चुनावी चर्चाएं तेज हो गई है। लंबे समय से चुनावी तारीखों का इंतजार कर रहे दावेदार अब जनसम्पर्क और राजनीतिक समीकरण साधने में जुट गए है।

जयपुर ग्रामीण की शाहपुरा पंचायत समिति का परिसीमन कर शाहपुरा और अमरसर नाम से दो पंचायत समितियां बनाई है। ऐसे में इस बार क्षेत्र को दो प्रधान मिलेंगे। शाहपुरा पंचायत समिति में 19 ग्राम पंचायते और नवसृजित अमरसर पंचायत समिति क्षेत्र में 22 ग्राम पंचायतों को शामिल किया है।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद शहरी निकाय क्षेत्रों में भी चुनावी उम्मीदे बढ़ गई है।

शाहपुरा नगरपालिका अब नगरपरिषद बन चुकी है और यहां वार्डों की संख्या 35 से बढ़ाकर 55 कर दी गई है। इसी प्रकार मनोहरपुर ग्राम पंचायत को भी नगरपालिका में क्रमोन्नत किया गया है, जहां 35 वार्ड बनाए गए है। यहां चेयरमैन और वार्ड पार्षदों के चुनाव होंगे। ग्रामीण राजनीति से जुड़े जानकारों का मानना है कि न्यायालय के आदेश ने उन नेताओं की उम्मीदें फिर से जगा दी है, जो पिछले कई महीनों से चुनावी स्थिति साफ होने का इंतजार कर रहे थे।



### फैक्ट फाइल

**शाहपुरा पंचायत समिति**

| | |
|---|---|
| पंचायत समिति वार्ड | 15 |
| ग्राम पंचायत | 19 |
| मतदाता | 71,502 |

**अमरसर पंचायत समिति**

| | |
|---|---|
| पंचायत समिति वार्ड | 15 |
| ग्राम पंचायत | 22 |
| मतदाता | 56,851 |

**शाहपुरा नगरपरिषद**

| | |
|---|---|
| वार्ड संख्या | 55 |
| मतदाता | 63,595 |

**मनोहरपुर नगरपालिका**

| | |
|---|---|
| वार्ड संख्या | 35 |
| मतदाता | 19,989 |

# शिवा ढाबा एंड रेस्टोरेंट का हुआ भव्य उद्घाटन




**रींगस।** एनएच-52 स्थित रीको मोड़ पर नवनिर्मित शिवा ढाबा एंड रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही। समारोह के मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा रहे। वहीं सीकर सांसद अमरा राम, पूर्व केंद्रीय मंत्री महादेव सिंह खंडेला, उप जिला प्रमुख तारा चंद धायल, जिला परिषद सदस्य उर्मिला धायल, जनसेविका भाविका मील गील दांतारामगढ़, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकुल खीचड़ सहित कई गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। अतिथियों ने फीता काटकर होटल का उद्घाटन किया तथा संचालकों को नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ की बधाई दी। इस दौरान शिवा ढाबा ग्रुप के उमेश पंडित, मोंटी चौधरी ने सभी अतिथियों का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया। सरगोठ ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बेनीवाल ने बताया कि मुख्य अतिथि झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस प्रकार की आधुनिक सुविधाओं से यात्रियों एवं स्थानीय लोगों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी और क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। सांसद अमरा राम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विकसित हो रहे ऐसे प्रतिष्ठान स्थानीय विकास को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा एवं व्यापारी मौजूद रहे। समारोह में अतिथियों ने होटल की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संचालकों की सराहना की।

# सड़कों पर रफ्तार ले रही जान

## हादसे रोकने 5 वर्ष में 501 करोड़ रुपए खर्च, 2025 में 24 हजार हादसों में 12 हजार मौतें

**जयपुर।** परिवहन विभाग रोड सेफ्टी पर हर साल 100 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। हादसों और मरने वालों की संख्या में कमी लाने के लिए अलग से विंग बना रखी है। इसके तहत पिछले 10 साल से रोड सेफ्टी पर काम किया गया। इसके बावजूद भी सड़क हादसों और मौतों में कमी होने की अपेक्षा बढ़ोतरी हो रही है। पिछले पांच साल में सड़क हादसों में कमी लाने के लिए परिवहन विभाग करीब 501 करोड़ रुपए खर्च कर चुका है। इसके बावजूद भी रिजल्ट पॉजिटिव नहीं आ रहे हैं। हादसों में कमी होने की अपेक्षा बढ़ोतरी हो रही है। हादसों में 25 से 35 उम्र वाले युवा सबसे अधिक असुरक्षित वाहन चला रहे हैं। इस वजह से इस उम्र के युवाओं की सड़क हादसों में सबसे अधिक मौतें हो रही हैं। इस उम्र के युवाओं की 31 प्रतिशत, 18 से कम उम्र के युवाओं की 6 प्रतिशत, 18 से 25 उम्र के युवाओं की 24 प्रतिशत, 35 से 45 उम्र के 24 प्रतिशत, 45 से 60 उम्र के 12 प्रतिशत, 60 से अधिक उम्र वाले लोगों की मौत 3 प्रतिशत हो रही है।

**पिछले पांच साल में सड़क हादसों में कमी लाने के लिए परिवहन विभाग करीब 501 करोड़ रुपए खर्च कर चुका है।**



### पैदल चलने वाले भी सुरक्षित नहीं, हर साल 16 प्रतिशत की हो रही है मौत

वाहनों की बढ़ोतरी की वजह से अब सड़क पर पैदल चलने वाले भी सुरक्षित नहीं हैं। पैदल चलने वालों की मौत के आंकड़ों में भी बढ़ोतरी हो रही है। पांच साल में यह आंकड़ा 14 प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत पहुंच गया है। इसकी वजह सड़कों पर पैदल चलने वालों के लिए अलग से रास्ता नहीं होना है। वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024-25 में 28 लोगों की अधिक मौत हुई है। 2024-2025 में 24,838 एक्सीडेंट हुए हैं। इसमें 22,927 घायल और 11,790 लोगों की मौत हुई है। इसमें ओवरस्पीडिंग से करीब 80त्न, रॉन्ग साइड चलने की वजह से 3त्न, शराब पीकर वाहन चलाने से 2% और 15% अन्य कारणों से मौतें हो रही हैं। वहीं इन हादसों में मरने वाले 45 प्रतिशत लोग दुपहिया वाहन, 6 प्रतिशत ट्रक, 1 प्रतिशत साइकिल, 16 प्रतिशत पैदल चलने वाले, 18 प्रतिशत कार-जीप, 2 प्रतिशत ऑटो रिक्शा, 4 प्रतिशत बस और 8 प्रतिशत अन्य वाहनों से यात्रा कर रहे थे। यह खुलासा आईराइड की ओर से सड़क हादसों पर किए गए एनालिसिस में हुआ है।

### हादसे आंकड़ों में

| वर्ष | कुल हादसे | घायल | मौतें |
|---|---|---|---|
| 2014 | 24,628 | 27,453 | 10,289 |
| 2015 | 24,072 | 26,153 | 10,510 |
| 2016 | 23,066 | 24,103 | 10,465 |
| 2017 | 22,111 | 22,071 | 10,444 |
| 2018 | 21,743 | 21,547 | 10,320 |
| 2019 | 23,480 | 22,979 | 10,523 |
| 2020 | 19,114 | 16,769 | 9,250 |
| 2021 | 20,951 | 19,344 | 10,043 |
| 2022 | 23,614 | 22,293 | 11,104 |
| 2023 | 24,705 | 23,041 | 11,762 |
| 2024 | 24,838 | 22,927 | 11,790 |
| 2025 | 23,820 | 22,519 | 12,069 |

### ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं, फिर भी चला रहे हैं वाहन

सड़क हादसों की एनालिसिस में सामने आया है कि सड़क हादसा करने वाले 3 प्रतिशत लोगों के पास ड्राइविंग लाइसेंस ही नहीं है।



6 प्रतिशत लोगों को लाइसेंस की जानकारी ही नहीं है। 1 प्रतिशत लोगों ने लाइसेंस के लिए आवेदन ही नहीं किया। इससे पहले सड़क हादसे कर दिए।

### 82% हादसों में चालक की गलती

रिपोर्ट के तहत 82 प्रतिशत सड़क हादसे ड्राइवर की गलती की वजह से हो रहे हैं। यात्री की गलती की वजह से 1 प्रतिशत, खराब सड़क की वजह से 2 प्रतिशत, मौसम खराब होने की वजह से 1.99 प्रतिशत, वाहन में मैकेनिकल खराबी की वजह से 2 प्रतिशत, पशुओं की वजह से 3 प्रतिशत और बैलगाड़ी, ऊंटगाड़ी सहित अन्य कारणों से 9 प्रतिशत हादसे हो रहे हैं।

### इस तरह बढ़ रहे हादसे और मौतें

पिछले 10 साल के सड़क हादसों और मौतों का आकलन किया जाए तो तीन साल लगातार मौतों और हादसों में कमी हुई थी। यह सिलसिला वर्ष 2016 से 2018 तक रहा। इस दौरान तत्कालीन परिवहन मंत्री यूनुस खान के नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने पर काम हुआ। इसका नतीजा यह रहा कि वर्ष 2015 में 10,510 लोगों की मौत हुई। इसके बाद सिलसिला गिरता गया। वर्ष 2018 में मौतों का आंकड़ा गिरकर 10,320 रह गया।

## राजावास में बंदरों का आतंक



@चौमूं चौपाल

**राजावास।** ग्राम पंचायत क्षेत्र राजावास व मुख्य गांव राजावास में बंदरों का आतंक इस कदर छाया हुआ है कि खास तौर से महिलाएं व बच्चे बंदरों को देखते ही रास्ते से वापस लौट जाती है।स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संदर्भ में ग्राम पंचायत प्रशासन भी बंदरों की पकड़ने की कोई खास कार्रवाई नहीं करता। वहीं जयपुर नगर निगम में सूचना करने पर नगर निगम कर्मी अपना क्षेत्र नहीं बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं जबकि उक्त बंदर नगर निगम क्षेत्र से ही आते हैं बंदर आते-जाते कई महिलाओं व बच्चों को घायल कर चुके हैं। ईडन गार्डन में भी बंदर कई बार महिलाओं बच्चों पर हमला कर चुके हैं।स्थानीय लोगों ने बंदरों को पकड़ कर दूर छुड़वाने की मांग की है।

## चौमूं मे अंधड़ का कहर

## हवा में उड़ा टीन शेड, दुकानदार के सिर के ऊपर से गुजरकर गिरा, कैमरे में कैद हुआ खौफनाक मंजर

### जयपुर-सीकर राजमार्ग पर बड़ा हादसा टला, रामपुरा पुलिया के पास कुछ सेकंड ने बचाई जान, तेज हवाओं से मची अफरा-तफरी

सीपी गहलोत@चौमूं चौपाल

**हरमाड़ा।** जयपुर-सीकर राजमार्ग स्थित रामपुरा पुलिया के पास शनिवार शाम आए तेज अंधड़ ने ऐसा कहर बरपाया कि कुछ ही पलों में पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सड़क किनारे शराब के ठेके के पास संचालित दुकान के ऊपर लगा भारी टीन शेड तेज हवाओं का दबाव नहीं झेल पाया और अचानक उखड़कर हवा में उड़ गया। विशाल टीन शेड दुकानदार रामशरण शर्मा के सिर के ऊपर से गुजरते हुए कुछ दूरी पर जा गिरा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की सांसें थम गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रामपुरा निवासी रामशरण शर्मा पुत्र काशीप्रसाद शर्मा अपनी दुकान के बाहर खड़े थे, तभी अचानक मौसम ने करवट ली और तेज अंधड़ शुरू हो गया। देखते ही देखते ऊपर लगा बड़ा टीन शेड हवा में कई फीट तक उड़ गया और उनके बेहद करीब आकर गिर पड़ा। कुछ




सेकंड की देरी या चूक एक बड़े हादसे में बदल सकती थी।

जानकारी के अनुसार, इसी दुकान पर लगे टीन शेड दो दिन पहले भी खराब मौसम की वजह से उड़ गए थे। शनिवार शाम करीब 4:30 बजे मजदूर दोबारा टीन शेड को ठीक करने का काम कर रहे थे, लेकिन अचानक मौसम बिगड़ने पर मजदूर नीचे उतर गए। इसके कुछ ही देर बाद तेज हवाओं ने पूरे ढांचे को उखाड़ फेंका और टीन शेड सर्विस रोड की ओर जा गिरा।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए सवाल उठाए हैं कि जब पहले भी टीन शेड उड़ चुके थे, तो सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए गए। लोगों का कहना है कि यदि उस वक्त सड़क पर ज्यादा भीड़ होती या कोई वाहन गुजर रहा होता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। पूरी घटना पास में स्थित शराब के ठेके पर लगे निगरानी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। घटना का वीडियो सामने आने के बाद इलाके में चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि हाईवे किनारे बने अस्थायी ढांचों, कमजोर निर्माणों और टीन शेड की जांच कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## भीषण गर्मी में स्वास्थ्य सुरक्षा से लेकर जल संरक्षण और देश की सांस्कृतिक विरासत पर प्रधानमंत्री ने साझा किए विचार...

### 'मन की बात' देश के अनसुने नायकों और जनभागीदारी को पहचान देने का सशक्त मंच - रामलाल शर्मा....

विशाल शर्मा@चौमूं चौपाल

**चौमूं।** रविवार को रेनवाल रोड स्थित रेडफोर्ट इंटरनेशनल स्कूल, चौमूं में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय गणमान्य नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री जी के संबोधन को सुना। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम देश के उन अनसुने नायकों और जनभागीदारी के प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान देने का एक सशक्त मंच बन चुका है, जो धरातल पर चुपचाप समाज को बदलने का काम कर रहे हैं। यह कार्यक्रम हम सभी को राष्ट्रहित में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करता है। रामलाल शर्मा ने बताया कि इस बार के संस्करण में प्रधानमंत्री ने समसामयिक और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर देश का मार्गदर्शन किया। देश के कई हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर प्रधानमंत्री जी ने सभी नागरिकों को अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति पूरी तरह सतर्क रहने का संदेश दिया तथा भारतीय उत्पादों की वैश्विक स्तर पर बढ़ती धाक और पहचान पर गर्व व्यक्त किया गया। युवाओं में विज्ञान, नवाचार और खगोल विज्ञान के प्रति तेजी से बढ़ती रुचि को देश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत बताया एवं उभरती खेल प्रतिभाओं का हौसला बढ़ाने के साथ ही जल संरक्षण के क्षेत्र में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और इसे मिल रहे वैश्विक सम्मान को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बजरंग लाल सोनी, रामावतार कुलदीप, महेश शेरावत, बलदेव टांक, मदन गोरा, राहुल बागड़ा, विनोद गोदारा, चेतन सैनी, आलोक जांगिड़, बाबूलाल राई, मनोज बागोरिया, विजय गंगवाल, अमित सैनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, प्रबुद्ध नागरिक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



## जयपुर में बाइक वाले बाबा' का मौत से खेल रील के चक्कर में सड़क पर खतरनाक स्टंट, लोगों में भारी आक्रोश...

**चलती बाइक पर लेटकर किया स्टंट, पहले पैरों से चलाई बाइक; वायरल वीडियो के बाद पुलिस और ट्रैफिक व्यवस्था पर उठे बड़े सवाल...**



सीपी गहलोत @चौमूं चौपाल

**जयपुर।** राजधानी जयपुर की आमेर-दिल्ली रोड इन दिनों एक वायरल वीडियो को लेकर सुर्खियों में है, जहां खुद को 'बाइक वाले बाबा' बताने वाला युवक सोशल मीडिया पर लाइक्स और फॉलोअर्स की होड़ में सड़क को स्टंट का मैदान बनाता नजर आ रहा है। युवक के खतरनाक कारनामों ने आमजन की चिंता बढ़ा दी है और लोग इसे सीधे तौर पर जानलेवा हरकत बता रहे हैं। वायरल वीडियो में युवक तेज रफ्तार बाइक पर बेखौफ होकर लेटा हुआ दिखाई दे रहा है। सड़क पर दौड़ती बाइक पर इस तरह स्टंट करते हुए वह न सिर्फ अपनी जान जोखिम में डाल रहा है, बल्कि आसपास गुजर रहे वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा से भी खिलवाड़ कर रहा है। इससे पहले भी उसका एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह दोनों हाथ छोड़कर पैरों से बाइक चलाता दिखाई दिया था।

### रील और वायरल होने की सनक में सड़क पर 'मौत का शो...

वीडियो में साफ दिखाई देता है कि युवक अकेला नहीं था। उसका साथी बाइक के साथ दौड़ते हुए पूरे स्टंट को रिकॉर्ड कर रहा था। इससे साफ संकेत मिलते हैं कि यह सब सोशल मीडिया पर वायरल होने और लोकप्रियता पाने के लिए किया जा रहा था।

### लोग बोले– आज स्टंट, कल बड़ा हादसा...

वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों में जबरदस्त नाराजगी है। लोगों का कहना है कि ऐसे स्टंटबाज न केवल खुद की जिंदगी खतरे में डालते हैं, बल्कि सड़क पर चलने वाले आम लोगों को भी दुर्घटना के मुहाने पर खड़ा कर देते हैं। लोगों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### ट्रैफिक पुलिस पर सवाल, कार्रवाई कब...

इस घटना ने ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। खुलेआम सड़क सुरक्षा नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन रोकथाम और कार्रवाई नजर नहीं आ रही। लोगों का कहना है कि अगर ऐसे स्टंटबाजों पर समय रहते लगाम नहीं लगाई गई, तो किसी दिन यह वायरल वीडियो बड़े हादसे की वजह बन सकता है। हालांकि हम इस वीडियो वायरल की पुष्टि नहीं करते।

# 31 सौ दीपकों से जगमगाई भैरुजी जोहड़ी, जल संरक्षण का लिया संकल्प

## प्रभारी मंत्री संजय शर्मा और विधायक सुभाष मील ने किया सरोवर पूजन





**हरीश गुर्जर@चौमूं चौपाल**

**रींगस।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत बुधवार शाम रींगस स्थित भैरुजी जोहड़ी परिसर 31 सौ दीपकों की रोशनी से जगमगा उठा। कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने सरोवर पूजन कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन खंडेला विधायक सुभाष मील के नेतृत्व में किया गया, जिसमें सैकड़ों शहरवासियों ने दीप प्रज्वलित कर जल संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पंडित राकेश भातरा और श्यामसुंदर वशिष्ठ ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। इस दौरान प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने उपस्थित लोगों को जल व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर उसकी सार-संभाल की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री शर्मा ने विधायक सुभाष मील द्वारा क्षेत्र में करवाए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रभारी मंत्री होने के नाते वे आगे भी खंडेला विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। वहीं विधायक सुभाष मील ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा और धार्मिक स्थलों के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विधायक मील ने बताया कि करीब 40 साल पुरानी भैरुजी जोहड़ी के सौंदर्यीकरण की लंबे समय से चली आ रही मांग को 2 करोड़ 54 लाख रुपए के विकास कार्यों के माध्यम से पूरा किया गया है। इस अवसर पर श्री भैरुजी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुवालाल गुर्जर व कोषाध्यक्ष फूलचंद गुर्जर के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री संजय शर्मा और विधायक सुभाष मील का साफा बंधवाकर एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। इससे पहले प्रभारी मंत्री संजय शर्मा और विधायक सुभाष मील ने भैरु बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुवालाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष फूलचंद गुर्जर और महासचिव गोपाल सिंह गुर्जर ने विधिवत पूजा संपन्न करवाई। विधायक सुभाष मील ने साफा बंधवाकर प्रभारी मंत्री का स्वागत भी किया। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार एवं तहसीलदार महेश ओला ने संभाली। वहीं गैलेक्सी इंस्टीट्यूट के निदेशक सुनील कुमावत के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने दीप प्रज्वलित कर जल्द सरकारी सेवा में चयन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद विष्णु गंगावत और संदीप शर्मा ने किया। इस दौरान भाजपा नेता गजानंद कुमावत, पूर्व जिलाध्यक्ष कमल सीखवाल, निवर्तमान पालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा, मामराज गुर्जर, एडवोकेट दीपक बाजिया, भारत धींगड़ा, धर्म सिंह बिजारणियां, जयप्रकाश डूडी, रिछपाल सिंह लांपुवा, रणजीत, विनोद गुर्जर, शंकर लाल निठारवाल, रामचंद्र बाजिया, दिनेश भातरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## अंडर 7 शतरंज में किशनगढ़ रेनवाल का चारविक रहा राज्य में प्रथम



**संजय कुमावत@चौमूं चौपाल**

**किशनगढ़ रेनवाल।** झालावाड़ में आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के अंदर 7 वर्ग के मुकाबले में किशनगढ़ रेनवाल का चारविक शर्मा ने ओपन बालक वर्ग में 6 राउंड के बाद पांच अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। चारविक के विजेता होने का समाचार जैसे ही कस्बे में पहुंचा लोगों में खुशी की लहर छा गई। चारविक के पिता नितिन शर्मा व दादा गोरी शंकर शर्मा ने बताया की चारविक अभी साढ़े छ वर्ष का है व कक्षा 2 में पढ़ रहा है। शतरंज के साथ-साथ पढ़ने में भी अव्वल है। शतरंज में उसकी मां ज्योति शर्मा का विशेष प्रयास रहा है।कस्बे का नाम रोशन करने पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमित जैन, व्यापार महासंघ अध्यक्ष अशोक असावा, भाजपा अध्यक्ष जय नारायण प्रजापत, बनवारी लाल प्रजापत, कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश मुंडोतिया ने बालक को शुभकामनाएं दी।

## बेजुबान पक्षियों के लिए लगाया परिंडा



**कृष्ण कुमार वर्मा@चौमूं चौपाल**

**मनोहरपुर।** कस्बे में गर्मी के मौसम को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का अभियान लगातार जारी है। सामाजिक कार्यकर्ता महेश जड़वाल के नेतृत्व में 51 वां परिंडा लगाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने परिंडे में नियमित रूप से पानी भरने और पक्षियों की सेवा करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। ऐसे सेवा कार्यों से समाज में जीवों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ती है। कार्यक्रम में रामकुंवार जड़वाल, राजेश सैनी, रितेश सैनी, डालचंद , उमेश जड़वाल, किशन , बाबूलाल, विशाल शर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने अभियान को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।

# चौमूं के उप जिला अस्पताल में एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण...

## एसडीएम ने मरीजों से की अस्पताल में बातचीत...





**विशाल शर्मा@चौमूं चौपाल**

**चौमूं।** चौमूं शहर के उप जिला अस्पताल में एसडीएम आशीष कुमार शर्मा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आपातकालीन कक्ष, जांच कक्ष, दवा स्टोर तथा विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया। एसडीएम ने विशेष रूप से गर्मी के मौसम और नौतपा को ध्यान में रखते हुए समर कंटीजेंसी के तहत तैयार किए गए विशेष वार्डों की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि भीषण गर्मी के दौरान मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा सभी मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और मरीजों के लिए बनाए गए विशेष वार्डों की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल प्रभारी को निर्देशित किया कि गर्मी के चलते अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ सकती है, ऐसे में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से दुरुस्त रखी जाएं। एसडीएम आशीष कुमार शर्मा ने अस्पताल स्टाफ को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विशेष वार्डों में पर्याप्त कूलर, पंखे, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान उपजिला अस्पताल प्रभारी अजीत सिंह शेखावत अपनी मेडिकल टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने एसडीएम को अस्पताल में चल रही व्यवस्थाओं और समर कंटीजेंसी के तहत की गई तैयारियों की जानकारी दी।

# चौमूं दी बार एसोसिएशन में नए वाटर कूलर का लोकार्पण

## पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने किया शुभारंभ...

### अधिवक्ताओं ने नये बोरिंग और एडीएम कैंप कोर्ट की मांग ...

**विशाल शर्मा@चौमूं चौपाल**



**चौमूं।** दी बार एसोसिएशन परिसर में समाजसेवा और जनसहयोग की मिसाल देखने को मिली। न्यायालय तहसील परिसर स्थित बार एसोसिएशन भवन में भामाशाह श्री गोविंद रावत द्वारा भेंट किए गए नवीन वाटर कूलर का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा रहे, जिन्होंने फीता काटकर वाटर कूलर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिवक्ता सुनील उप्पल ने बार एसोसिएशन को 10 पंखे भेंटकर सहयोग की सराहनीय पहल की। कार्यक्रम में दी बार एसोसिएशन चौमूं की ओर से न्यायालय तहसील परिसर में पेयजल समस्या को देखते हुए नये बोरिंग करवाने की मांग रखी गई। साथ ही एडीएम कैंप कोर्ट शुरू करने की मांग भी मुख्य अतिथि के समक्ष रखी गई। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए नये बोरिंग करवाने व तब तक पानी की व्यवस्था के लिए व टैंकर डलवाने का आश्वासन दिया। समारोह में बार एसोसिएशन अध्यक्ष चरण सिंह, महासचिव मुकेश मोदी, सांस्कृतिक सचिव प्रियंका यादव, कोषाध्यक्ष अजय सिंह शेखावत सहित बार के अनेक गणमान्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिवक्ता हेमराज यादव, राजेंद्र सिंह पालावत, हेमाराम चौधरी, धीरेंद्र सैनी, रतनलाल गोरा, चंद्रप्रकाश सैनी, नाथूराम बेनीवाल, अमित शर्मा, राहुल यादव, विश्वनाथ शर्मा, ओमप्रकाश मीणा, नरेश मीणा, पवन प्रजापत, रामनिवास गिला, दिनेश सोंदलिया, सुरेश सेन, विजय शर्मा, शिवाकांत शर्मा, बिरदूराम सैनी एवं रतनलाल जाट सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। इस दौरान भामाशाह मालीराम बागड़ा ने परिसर में टीनशेड लगाने की घोषणा की, जिस पर बार एसोसिएशन द्वारा उनका माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता हेमराज यादव ने किया।

# आदर्श एनजीओ ने परिंडे लगाने का लिया- संकल्प



**खाटूश्यामजी।** आदर्श एजुकेशन संस्थान एनजीओ द्वारा शनिवार को आयोजित मीटिंग में आगामी दिनों में भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे बांधने का संकल्प लिया ।यह परिंडे रिंग्स खाटू रोड पर मकान या होटल के सामने बांधे जाएंगे ताकि लोग आसानी से उसमें पानी भर सके । बुधवार से परिंडे बांधने का अभियान शुरू किया जाएगा जो आगामी 15 दिनों तक लगातार चलेगा । यह मीटिंग खाटू रोड होटल रुद्राक्षी संतोषपुरा में संपन्न हुई ।जिसमें संस्थान के उपाध्यक्ष राकेश कुमार सैनी,कोषाध्यक्ष बलदेव सैनी ,संस्थापक सदस्य के के यादव ,एवं कोर कमेटी के सदस्य पिंटू सैनी,लोकेश सैनी,विक्रम सैनी ,राहुल यादव,मनोज सैनी आदि उपस्थित रहे । संस्थान की चेयरपर्सन निशा यादव ने नवनियुक्त सदस्यों का आभार जताया।


Marwadi LOGISTICS

पूरे इंडिया में तेज़ और सुरक्षित डिलीवरी
+91-9358411334




END-TO-END LOGISTICS SOLUTIONS ACROSS INDIA

Reliable transport and courier solutions for e-commerce brands, retailers and wholesalers.







MARWADI LOGISTICS: Fast, reliable B2B and B2C logistics across India.
Safe and timely delivery solutions for e-commerce, retailers and wholesalers.
Book now at: www.marwadilogistics.com or call: +91-9358411334

amazon meesho Flipkart

## सीजनली फलों को वैज्ञानिक तरीके से बताएः खाद्य विभाग

### फूड सेफ्टी टीम ने मुहाना मंडी में फल विक्रेताओं को किया जागरूक



**संजय कुमावत@चौमूं चौपाल**

**किशनगढ़, रेनवाल।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान डॉक्टर टी. शुभमंगला के निर्देश पर सी एम एच ओ जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम आम एवं अन्य फलों को गैर वैज्ञानिक तरीकों से पकाए जाने की शिकायत पर शनिवार सुबह मुहाना मंडी पहुंची। सी एम एच ओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि टीम ने राज्य के बाहर से आने वाले आम के ट्रकों का निरीक्षण किया। कुछ ट्रकों के आम की पेटियां खोलकर देखने पर इनमें किसी प्रकार की केमिकल की पुड़िया रखी हुई नहीं पायी गई। कुछ ट्रकों में आम की पेटियां खोलकर देखने पर एक पेटी में एक पाउच इथाईलीन राईपनर रखा हुआ था, जिस पर एफ एस एस ए आई से अप्रूव एवं नंबर अंकित था। मौके पर उपस्थित फल मंडी के अध्यक्ष कैलाश फाटक ने बताया कि आम की कुछ किस्म जैसे सफेदा जो हैदराबाद से आता है, उनमें इथाईलीन के पाउच रखे होते हैं। सप्लायर द्वारा इनके अप्रूव्ड होने का सर्टिफिकेट भेजा जाता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल द्वारा फल विक्रेता संघ के साथ बैठक कर फलों को वैज्ञानिक तरीकों से पकाए जाने के विषय में जानकारी दी गई एवं जागरूक किया गया। संघ द्वारा जनहित में पूर्ण सहयोग हेतु प्रतिबद्धता जाहिर की गई।

## गोपाल गौशाला में गायो को खिलाया गुड़ व हरा चारा

### माहेश्वरी महिला मण्डल की नवनियुक्त कार्यकारिणी की सराहनीय पहल



**संजय कुमावत@चौमूं चौपाल**

**किशनगढ़, रेनवाल।** माहेश्वरी महिला मण्डल की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने आज अपने नए कार्यकाल की ऐतिहासिक शुरुआत की। माहेश्वरी महिला मण्डल की नवनियुक्त अध्यक्ष लता मालपानी ने अपनी नवीन कार्यकारिणी के साथ रेनवाल की गौपाल गौशाला में गायों को हरा चारा, गुड, खल-दलिया खिलाकर अपने कार्यकाल का विधिवत शुभारंभ किया। माहेश्वरी महिला मण्डल की मंत्री ऋतु तोतला के अनुसार आज अधिक मास बैशाख माह की पूर्णिमा के पावन अवसर पर गायों के प्रति सेवा भाव रखते हुये अध्यक्षजी के निर्देश पर यह कार्यक्रम किया गया। माहेश्वरी महिला मण्डल की नवीन कार्यकारिणी के द्वारा सभी गायों को हरा चारा, गुड, खल-दलिया आदि खिलाया गया। महिला मंडल के सेवा भाव के कार्य से प्रभावित होकर गौपाल गौशाला के अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने माहेश्वरी महिला मण्डल की नवीन कार्यकारिणी की जमकर तारीफ की एवं अध्यक्ष लता मालपानी का स्वागत करते हुए समस्त कार्यकारिणी को शुभकामनाए दी। इस अवसर पर नवीन कार्यकारिणी के सभी सदस्यो के साथ-साथ समाज सदस्य शरद तोतला, राजेश मालपानी, सुशील तोतला, मुकेश तोतला आदि उपस्थित रहे।

## राडावास में पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए आवंटित की भूमि

**विजयपाल सैनी@चौमूं चौपाल**



**शाहपुरा।** उपखंड क्षेत्र के राडावास कस्बे में राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए जिला कलेक्टर ने 0.25 हेक्टेयर भूमि आवंटित की है, जिससे पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए स्वीकृत 37 लाख की राशि से विभाग द्वारा पशु चिकित्सालय के नवीन भवन का निर्माण करवाया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि राज्य सरकार व पशुपालन विभाग द्वारा प्रथम श्रेणी राजकीय पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए 37 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी। भूमि का आवंटन नहीं होने के कारण भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया था। ग्राम पंचायत प्रशासक अमर सिंह शेखावत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह को पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन करवाने के लिए अवगत करवाया गया था। संसद के निर्देश पर उपखंड प्रशासन द्वारा जिला प्रशासन को उचित स्थान पर पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए राडावास बिशनगढ़ बायपास मार्ग पर जिला प्रशासन द्वारा 0.25 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। भूमि आवंटन होने पर अब शीघ्र ही पशुपालन विभाग द्वारा 37 लाख की लागत से राजकीय पशु चिकित्सालय के नवीन भवन निर्माण का कार्य शुरू करवाया जाएगा।

# बिजली चोरी पर निगम का बड़ा शिकंजा

## 13 वीसीआर भरी, लाखों रुपये का लगाया जुर्माना...

### करीब 3 लाख 23 हजार रुपए का लगाया जुर्माना....

**विकास शर्मा@चौमूं चौपाल**

**चौमूं।** चौमूं। बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जयपुर डिस्कॉम की टीम ने चौमूं शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाकर बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए कई उपभोक्ताओं को रंगे हाथों पकड़ा गया। निगम की ओर से मौके पर ही कार्रवाई करते हुए 13 वीसीआर भरी गई तथा संबंधित उपभोक्ताओं पर लाखों रुपये का जुर्माना लगाया गया।

यह कार्रवाई अधिशासी अभियंता जीएल गुप्ता के निर्देशानुसार सहायक अभियंता आशीष गुप्ता एवं कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र दायमा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। अभियान के दौरान दूल्हेसिंह की ढाणी, देवपुरा, मदीना कॉलोनी, रूपामालण की ढाणी सहित विभिन्न क्षेत्रों में बिजली कनेक्शनों की जांच की गई।



जांच के दौरान कई स्थानों पर उपभोक्ता सीधे लाइन डालकर तथा अन्य अवैध तरीकों से बिजली का उपयोग करते पाए गए। निगम की टीम ने मौके पर ही ऐसे कनेक्शनों को हटाकर आवश्यक कार्रवाई की और संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ नियमानुसार वीसीआर भरते हुए जुर्माना निर्धारित किया।

अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी से निगम को आर्थिक नुकसान होता है, वहीं विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसी को देखते हुए विभाग लगातार विशेष अभियान चलाकर बिजली चोरी रोकने के प्रयास कर रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचें। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान हुई कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया।

# बस स्टैंड नहीं होने से हाईवे पर जान जोखिम में डालने को मजबूर यात्री

**कई हादसों के बाद भी प्रशासन बेपरवाह**

### हाईवे पर खड़े होकर सफर करने को मजबूर यात्री

### तीन साल बाद भी जिला मुख्यालय को नहीं मिली बुनियादी सुविधा





**दीपक वशिष्ठ@चौमूं चौपाल**

**कोटपुतली बहरोड़।** कोटपूतली-बहरोड़ को जिला बने करीब तीन साल होने वाले हैं, लेकिन आज भी क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का गंभीर अभाव बना हुआ है। जिले के प्रमुख कस्बे कोटपूतली में अब तक एक व्यवस्थित बस स्टैंड नहीं बन पाया है, जिसके कारण यात्रियों को रोजाना अपनी जान जोखिम में डालकर हाईवे पर बसों का इंतजार करना पड़ता है। बस स्टैंड नहीं होने से रोडवेज और निजी बसें कहीं भी रुक जाती हैं, जबकि कई बसें केवल सवारी उठाकर आगे निकल जाती हैं। मजबूरी में यात्री हाईवे किनारे खड़े रहते हैं, जहां तेज रफ्तार वाहनों के कारण हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस अव्यवस्था के चलते कई सड़क हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यात्रियों का कहना है कि बारिश, गर्मी और सर्दी-हर मौसम में उन्हें खुले हाईवे पर खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में बसों के अनियमित ठहराव के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजन भी परेशान हैं। हैरानी की बात यह है कि जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के बड़े रोडवेज डिपो में शामिल होने के बावजूद यहां यात्रियों के लिए टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला बनने के बाद क्षेत्र में विकास की उम्मीद थी, लेकिन आज भी हालात बदतर बने हुए हैं।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और राज्य सरकार से जल्द बस स्टैंड निर्माण की मांग करते हुए कहा है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

## ओबीसी एसोसिएशन ने नव नियुक्त पीसीपीओ राजीव सिंह का किया भव्य स्वागत



**दामोदर कुमावत@चौमूं चौपाल**

**फुलेरा।** उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय, जयपुर स्थित प्रधान कार्यालय में एक गरिमामय एवं उत्साह पूर्ण वातावरण देखने को मिला, जब उत्तर पश्चिम रेलवे के नव नियुक्त प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी (PCPO) राजीव सिंह ने रेलवे बोर्ड से कार्यमुक्त होकर मुख्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे ओबीसी एंप्लॉईज एसोसिएशन की ओर से उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया और उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व जोनल संगठन सचिव अनिल कुमार ने किया। उनके साथ शिव लहरी सैनी, सुशील गहलोत, रामनिवास सैनी, कमलेश स्वर्णकार, दानाराम चौधरी और दीपक कुमावत सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि संगठन हमेशा कर्मचारियों के हितों के लिए समर्पित और सक्रिय भूमिका निभाता रहा है और आगे भी रेलवे कर्मचारियों के अधिकारों एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों ने राजीव सिंह के सफल, निष्पक्ष और प्रभावी कार्यकाल की कामना की।

# गर्मी में अमृत समान है 'राबड़ी'

## गांव से शहर तक छाया राबड़ी का स्वाद...

**कृष्ण कुमार वर्मा@चौमूं चौपाल**

**मनोहरपुर।** भीषण गर्मी के दौर में जहां लोग ठंडे पेय पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी राबड़ी गर्मी से राहत का पारंपरिक और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प बनी हुई है। बाजरे, ज्वार या मक्के के आटे और छाछ से तैयार होने वाली राबड़ी न केवल शरीर को ठंडक पहुंचाती है, बल्कि लंबे समय तक ऊर्जा भी बनाए रखती है। राजस्थान की पारंपरिक खानपान संस्कृति में राबड़ी का विशेष स्थान है। खेतों में काम करने वाले किसान और मजदूर सुबह के भोजन में राबड़ी का सेवन करना पसंद करते हैं। पौष्टिक तत्वों से भरपूर यह पारंपरिक व्यंजन गर्मी के मौसम में लू और डिहाइड्रेशन से बचाव में भी सहायक माना जाता है। बदलती जीवनशैली और फास्ट फूड के बढ़ते चलन के बावजूद ग्रामीण परिवारों में राबड़ी की लोकप्रियता बरकरार है। बुजुर्गों का मानना है कि पहले के समय में लोग गर्मी से बचने के लिए राबड़ी, छाछ और मटके के पानी का अधिक उपयोग करते थे, जिससे स्वास्थ्य भी बेहतर रहता था। विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में मिलने वाले शीतल पेयों की तुलना में राबड़ी अधिक पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक है।



इसमें प्राकृतिक पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

### शरीर को देती है ठंडक

राबड़ी में मौजूद छाछ और अनाज शरीर का तापमान संतुलित रखने में मदद करते हैं। इसके सेवन से पाचन तंत्र भी बेहतर रहता है और शरीर में पानी की कमी नहीं होती।

### गांव की राबड़ी, शहरों की बढ़ती पसंद

एक समय गांवों तक सीमित रहने वाली राबड़ी अब शहरों में भी लोगों की पसंद बनती जा रही है। गर्मी के मौसम में लोग चाव से राबड़ी के चटकारे लेते नजर आते हैं। कई ढाबों, देसी भोजनालयों और पारंपरिक व्यंजन परोसने वाले रेस्टोरेंट्स में राबड़ी की मांग बढ़ रही है। स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच लोग कोल्ड ड्रिंक्स और अन्य पेय पदार्थों की बजाय देसी और पौष्टिक विकल्प के रूप में राबड़ी को पसंद कर रहे हैं। खासकर राजस्थान के शहरों में राबड़ी का स्वाद स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी खूब आकर्षित कर रहा है।

### *इनका कहना है।*

*राबड़ी जैसे पारंपरिक खाद्य पदार्थ गर्मी के मौसम में शरीर के लिए लाभदायक होते हैं। यह पाचन में सहायक होने के साथ शरीर को ठंडक और ऊर्जा प्रदान करती है।*


***-डॉ. दिलीप नारोलिया, सीएचसी मनोहरपुर***

# रेनवाल में तीसरे दिन की श्रीमद भागवत कथा से सराबोर हुए श्रद्धालु

**संजय कुमावत@चौमूं चौपाल**

**किशनगढ़, रेनवाल।** शहर के पचार रोड स्थित नवल टावर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन शनिवार की सुबह भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस अवसर पर व्यास पीठाचार्य श्री कृष्ण बिहारी जी गिरधारी जी महाराज बड़ा मंदिर के महंत डॉ जुगल किशोर शरण जी महाराज ने दया, करुणा और परोपकार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सच्ची शांति केवल भगवान के चरणों में समर्पण और भक्ति से प्राप्त होती है। महाराज ने दया, करुणा, परोपकार एवं भगवान के चरणों में मिलने वाली मन की शांति के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दया ही मानव जीवन का सबसे बड़ा आभूषण है और जिस व्यक्ति के हृदय में दूसरों के प्रति प्रेम एवं करुणा का भाव होता है, वही सच्चे अर्थों में धार्मिक और सफल इंसान कहलाता है। कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए भोले नाथ से निराला कोई नहीं....भजन पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।





### मानसिक तनाव और शांतिः

आज का मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भागते-भागते मानसिक तनाव और अशांति से घिरता जा रहा है, जबकि सच्ची शांति केवल भगवान के चरणों में समर्पण और भक्ति से ही प्राप्त होती है। भगवान का स्मरण, सत्संग और भजन मनुष्य के जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से भर देते हैं तथा उसके भीतर आत्मिक संतोष का भाव जागृत करते हैं।

### परोपकार का महत्वः

उन्होंने प्रवचन में परोपकार की भावना को जीवन का सबसे बड़ा धर्म बताते हुए कहा कि जो व्यक्ति बिना किसी स्वार्थ के दूसरों की सहायता करता है, दुखियों के आंसू पोंछता है और मानव सेवा को अपना कर्तव्य मानता है, उस पर भगवान की विशेष कृपा सदैव बनी रहती है। उन्होंने समाज के लोगों से जरूरतमंदों की सहायता करने, बुजुर्गों का सम्मान करने तथा आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इससे पूर्व मुख्य यजमान बनवारी लाल, श्रवण कुमार ने भागवत जी की आरती उतार कर कथा महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रवि प्रकाश शर्मा, ऋषि दाधीच, अमरचंद घोड़ेला, जीवनराम जेठीवाल, जुगल मुंशी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## खोराश्यामदास के गिर्राज की तलाई में 43 लाख रुपए की चोरी का 2 साल बाद भी खुलासा नहीं

### पीड़ित ने चित्रकूट थाने में आयोजित जनसुनवाई में लिया भाग, पुलिस कमिश्नर के सामने अधिकारियो को भी सुनाई खरी खरी



@चौमूं चौपाल

**राजावास।** दौलतपुरा थाना क्षेत्र के खोराश्यामदास के गिर्राज की तलाई में करीब 2 साल पहले 16 अप्रैल 2024 को एक मकान की खिड़की तोड़कर 40 लाख रुपए के गहने व 3 लाख रूपये नकदी की चोरी का आज तक 2 साल से भी ज्यादा समय गुजर जाने के बाद भी खुलासा नहीं हुआ। चित्रकूट थाने में पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल द्वारा शनिवार को जनसुनवाई कार्यक्रम था।जहां कालूराम सामोता भी जनसुनवाई में पहुंचे व अपनी पीड़ा सुनाई लेकिन एक नहीं सुनी।इस दौरान सामोता ने कमिश्नर के सामने ही पुलिस कर्मियों से माइक लेकर अधिकारियों को खरी खरी सुनाई जहाँ एकबारगी तो माहौल गर्मा गया।जहां पुलिस अधिकारियो ने सामोता को शांत किया। आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। सामोता के अनुसार 16 अप्रैल 2024 को मेरे मकान की पिछली खिड़की तोड़कर मकान में चोरी हुई। जहां मैं मेरी बेटी की शादी के लिए गहने व नकदी रख रखी थी।पीड़ित ने आरोप लगाया कि तत्कालीन थानाधिकारी मनीष शर्मा ने चोरों को पकड़ने के बाद भी मामले को दबाने का काम किया।यही नहीं शर्मा को ज्यादा कुछ कहने पर कहना था की कही भी चला जा तेरी चोरी का खुलासा नहीं होगा। आरोप है की चोरों को पकड़ लिया गया था मुझे सेटलमेंट के लिए कहा गया लेकिन मैंने मना कर दिया लेकिन पुलिस चोरों को सामने नहीं लाना चाह रही थी। उसी के शनिवार को मैं चित्रकूट थाने में आयोजित पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचा था लेकिन मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई।

# नींदड़ वन क्षेत्र मे गूंजा जल संरक्षण का बिगुल

# मुख्यमंत्री ने इको ट्रेल लोकार्पण के साथ हरित राजस्थान का लिया संकल्प

**वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत श्रमदान, परिंडे और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश,जल बचाने को जनभागीदारी पर जोर**







@चौमूं चौपाल

**राजावास।** प्रदेश भर मे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत चल रहे कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को नींदड़ वन क्षेत्र में जल, जंगल और पर्यावरण संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा व्यापक जनजागरण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम मे वन विभाग द्वारा नवनिर्मित इको ट्रेल का लोकार्पण किया गया और जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान वन क्षेत्र में धार्मिक, सामाजिक और पर्यावरणीय गतिविधियों का संगम रहा। जहाँ मुख्यमंत्री ने पशुपतिनाथ स्वरूप भगवान शिव एवं पीपल वृक्ष का विधिवत पूजन कर प्रदेश में सुख-समृद्धि,अच्छे मानसून और हरियाली की कामना की। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने मौजूद महिलाओ के साथ वन क्षेत्र में श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक भागीदारी का संदेश दिया।जल संकट की चुनौती के बीच पक्षियों और जीव-जंतुओं के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया गया।इस दौरान शर्मा ने पेड़ों पर परिंडे भी लगाए तथा पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था कर प्रकृति और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिलाओं को तुलसी के पौधों को भी वितरण किया। सामूहिक श्रमदान में भाग लेकर सभी को श्रमदान करने को भी प्रेरित किया।इस दौरान मुख्यमंत्री ने मौजूद लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति को केवल संसाधन नहीं बल्कि जीवन का आधार माना गया है। जल की हर बूंद, हर पेड़ और प्रत्येक जीव की रक्षा करना समाज की साझा जिम्मेदारी है। वर्तमान समय में बढ़ते जल संकट, भूजल स्तर में गिरावट और पर्यावरणीय असंतुलन को देखते हुए जल संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी बन चुका है। अभियान के माध्यम से लोगों से वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण, अधिक से अधिक पौधारोपण और जल के विवेकपूर्ण उपयोग का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। उपस्थित लोगों ने आने वाली पीढ़ियों के लिए जल-संपन्न, हरित और समृद्ध राजस्थान के निर्माण का संकल्प भी दोहराया।नींदड़ वन क्षेत्र में आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक सरकारी अभियान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रकृति संरक्षण, सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देकर लोगों को जोड़ने का माध्यम बना। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ट्रेक तक कार से पहुंचे व ट्रैक का लोकार्पण करके करीब 500 मीटर ऊपर पहाड़ी पर स्थित कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए पेड़ों की भी सराहना की।

## शाहपुरा व कोटपूतली फ्लाईओवर की सर्विस रोड हेतु 21.22 करोड़ रुपये स्वीकृत

कृष्ण कुमार वर्मा@चौमूं चौपाल

**सांसद राव राजेंद्र सिंह का प्रयास रंग लाया**



**मनोहरपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में सड़क निर्माण और विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य लगातार हो रहे है जिससे आमजन को सुगम राह के साथ चहुमुंखी विकास होता दिख रहा है। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह द्वारा आमजन की सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के साथ साथ सुख सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर ह॥-48 पर स्थित शाहपुरा व कोटपूतली फ्लाईओवर के दोनों तरफ सर्विस रोड पर सीमेंटेड सड़क व जल निकासी नाली आदि के निर्माण कार्य के लिए 21.22 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान करवाई गई। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, सांसद राव राजेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया।

## राजावास के सूरजमल बलाई सहित अन्य लोगों पर जमीनी धोखाधड़ी का मामला दर्ज

@चौमूं चौपाल




**चौमू।** ग्राम राजावास के अंतर्गत मोठू का वास में जमीनी धोखाधड़ी का मामला बनीपार्क थाने में दर्ज हुआ है। उक्त भूमि मोठू का वास में सीकर रोड पर सूर्यवाटिका नर्सरी के सामने स्थित है। जहाँ राजावास निवासी कल्याण सहाय की जमीन थी। जहां उसने 1994 में उक्त भूमि का भैरव ग्रह निर्माण सहकारी समिति को बेचान कर दिया था। जहां उसके सभी पुत्रों ने भी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर भी कर दिए थे।लेकिन वही 1997 में कल्याण सहाय की मौत होने पर उसके पुत्र सूरजमल,प्रभात आदि ने उक्त भूमि का नामांतरण अपने नाम से खुलवा लिया व मौके पर समिति की खरीदशुदा व कब्जे शुदा भूमि पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे। जिस पर समिति ने 1999 में फिर से अनुबंध तैयार किया व तीन लाख रूपये प्रति बीघा से बढाते हुए 5 लाख रूपये प्रति बीघा करते हुए पहले दी गई पांच लाख रूपये की राशि को समायोजित करते हुए 21 लाख 75 हजार में खरीदना तय कर सम्पूर्ण राशि का भुगतान तय समय एक वर्ष मे कर दिया गया था।लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में संशोधन होने से भूमि का रकबा बढ़ने के कारण खातेदार प्रभात, सूरजमल,रामू उर्फ रामलाल, नानूराम द्वारा समिति की जमीन पर वापस कब्जा करने लगे। जिस पर समिति ने 31-08-2005 को फिर एक पूरक अनुबंध तैयार कर संपूर्ण भूमि को खरीद कर भुगतान कर दिया।जहां भूमि का संपूर्ण कब्जा 1994 से ही समिति के पास से चला आ रहा था।इसमें समिति ने अपनी आवास योजना शिवानगर - 7 सृजित कर अपने सदस्यों को भूखंड आवंटित कर दिए व मौके पर सभी भूखंड वालो सभी को कब्जा सम्भला दिया। समिति की योजना की देखभाल प्रार्थी के पिता महिपाल चोपड़ा संभाल रहे थे। लेकिन 2023 में मौत होने पर उसके पुत्र राहुल मेघवाल सँभालने लगे। वही फिर भी सूरजमल पुत्र कल्याण सहाय राजावास के शुरू से ही मन मे बेईमानी थी जो अपने भाइयों को साथ लेकर बार-बार समिति की खरीद की हुई भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा था। जहाँ उसने अपने भाइयों को पक्षकार बनाते हुए 1994, 1999 व 2005 के विक्रय की गई भूमि के एक तकास्मे का दावा आमेर न्यायालय में पेश किया गया। जहां सूरजमल को समिति द्वारा समझाने पर वापस रुपए की मांग करने लगा।जिस पर मजबूरीवश योजना विवादित नहीं हो उससे बचने के लिए सूरजमल को एक लाख रूपये का समझौते के बदले चेक दिया गया।जिस पर सूरज मल के वारिस उसकी पत्नी रूडी देवी, पुत्री सुमन, बुगली व पुत्र कालूराम, राकेश व रामरतन बुनकर के भी हस्ताक्षर है।वही चेक को आरोपी ने विड्रॉ कर लिया व लेकिन फिर भी बदनीयति पूर्वक आरोपी ने समिति द्वारा अपने हिस्से की 1/4 भूमि का मुख्यत्यार नामा अपने परिचित रामपाल रैगर निवासी मनसारामपुरा के कर दिया।लेकिन समिति को कोई जानकारी नहीं दी। जिसका रामपाल रैगर ने मुख्यत्यारनामा के आधार पर हिम्मत पुत्र सम्पतराम को बेचान कर दिया

सूरजमल आपराधिक षड्यंत्र के तहत जमीन का बार बार बेचान करता रहा।वही सूरजमल को कब ये पता लगा उसने जिस भूमि को विक्रय कर दिया था उसी भूमि को जरिये मुख्यत्यारनामा के पुन॰ बेचान कर दिया जिससे बचने के लिए सूरजमल ने 31-07- 2024 को राजावास सरपंच सहित आधा दर्जन लोगों पर फर्जी मुख्यत्यारनामा तैयार करने का मामला दर्ज करवाया।लेकिन वह एफएसएल जांच में सही पाया गया। जहां अब इसके बाद सूरजमल सहित अन्य वारिसो पर समिति द्वारा मामला दर्ज कराया गया।वही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कानोता बांध में मिला 5 दिन से लापता युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी



रामफूल मीणा@चौमूं चौपाल

**कानोता।** जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब 5 दिन से लापता युवक का शव कानोता डेम में मिला। मृतक की पहचान कानाराम मीणा निवासी रीको रोड नंबर 2, हीरावाला के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। और जानकारी के अनुसार युवक पिछले पांच दिनों से लापता था, जिसकी परिजन लगातार तलाश कर रहे थे। मंगलवार को कानोता बांध में एक शव दिखाई देने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में शव की पहचान कानाराम मीणा के रूप में की गई। और घटना की जानकारी मिलते ही बंटी मीणा गौ सेवा समिति की टीम भी मौके पर पहुंची और पुलिस व परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया तथा मामले की जांच शुरू कर दी।इसके बाद बंटी मीणा गौ सेवा समिति की एम्बुलेंस के माध्यम से शव को पोस्टमार्टम के लिए जयपुर के एसएमएस अस्पताल भिजवाया गया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल पुलिस युवक की मौत के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

## जमवारामगढ़ में निशा फाउंडेशन के द्वारा लगाया गया शरबत शिविर



रामफूल मीणा@चौमूं चौपाल

**जमवारामगढ।** जमवारामगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बस स्टैंड जमवारामगढ़ पर निशा फाउंडेशन की और से ठंडे पानी एवं शरबत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राहगीरों, यात्रियों और स्थानीय लोगों को ठंडा पानी व शरबत वितरित किया गया। और इस मौके पर समाजसेवी जितेंद्र मीणा भी शिविर में पहुंचे और स्वयं लोगों को शरबत पिलाकर सेवा कार्य में सहयोग किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में जरूरतमंद लोगों की सेवा करना पुण्य का कार्य है तथा ऐसे आयोजनों से समाज में सेवा भावना मजबूत होती है।निशा फाउंडेशन के इस प्रयास की स्थानीय लोगों ने सराहना की। लोगों का कहना था कि भीषण गर्मी में इस प्रकार के शिविर आमजन को राहत देने के साथ सामाजिक सहयोग और मानव सेवा की भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सभागार का शिलान्यास समारोह संपन्न...

## भामाशाहों ने की लाखों रुपए सहयोग की घोषणा

रामफूल मीणा@चौमूं चौपाल



**बस्सी।** बस्सी-चक रोड स्थित स्व. श्री झूँथालाल नांडला स्मृति संस्थान परिसर में रविवार को नवीन सभागार भवन का विधिवत शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी मीणा समाज के पंच-पटेलों एवं सामाजिक बंधुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर सभागार की नींव रखी। समारोह के दौरान कई भामाशाहों ने सभागार निर्माण के लिए लाखों रुपए के सहयोग की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में महिलाओं ने मंगल गीत गाकर अतिथियों एवं समाजबंधुओं का पारंपरिक स्वागत-सम्मान किया। इस अवसर पर संस्थान के महामंत्री हेमंत मीणा ने स्वर्गीय झूँथालाल नांडला के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था। वे औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके, लेकिन डॉक्टरों के पास जाकर पढ़ना-लिखना सीखा और जीवन में संघर्ष करते हुए ठेकेदारी तथा बाद में राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय हुए। वे लगातार 13 वर्षों तक सरपंच रहे तथा आदिवासी मीणा समाज को आरक्षण दिलाने की मांग को विभिन्न मंचों पर मजबूती से उठाया। उन्होंने बताया कि झूँथालाल नांडला ने समाज उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखीं, जिनमें मीना इतिहास, ढूंढाड़ ॰ संस्कृति और परंपरा, ढूंढाड़ी लोकभाषा कोष, जयपुर ढूंढाड़ ॰ एक सर्वेक्षण, बस्सी जनपद ॰ एक सर्वेक्षण तथा बस्सी जनपद के बढ़ते कदम प्रमुख हैं। इन पुस्तकों के माध्यम से उन्होंने लोकतंत्र, समाज और संस्कृति को आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया।

हेमंत मीणा ने बताया कि स्वर्गीय नांडला ने अपने जीवनकाल में उपखंड अधिकारी कार्यालय, सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय, तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, उपपंजीयन कार्यालय, पंचायत समिति, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सहित कई सरकारी कार्यालयों के लिए भूमि दान में दी थी। समारोह में पूर्व मंत्री कन्हैया लाल मीणा, संस्थान अध्यक्ष हरबख्श मीणा, आदिवासी मीणा सेवा संघ आमेर तहसील अध्यक्ष काना राम मीणा, जमवारामगढ़ अध्यक्ष गोपाल मीणा, जयपुर शहर अध्यक्ष हरिनारायण मीणा, बस्सी तहसील अध्यक्ष कालूराम मीणा एवं तुंगा अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीणा सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।

## सीएम बोले-गुंडा राजस्थान आएगा नहीं, आया तो जाएगा नहीं

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने भ्रष्टाचार करने वालों और कानून तोड़ने वालों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। सीएम ने कहा- भ्रष्टाचारी हो या कानून तोड़ने वाले, कान खोलकर सुन लें। या तो गुंडा राजस्थान में आएगा नहीं और आएगा तो राजस्थान से जाएगा नहीं। भ्रष्टाचारियों और कानून तोड़ने वालों को उचित स्थान पर पहुंचाया जाएगा, चाहे वह कैसा भी हो , कितना ही बड़ा हो उसे उसके स्थान पर पहुंचाया जाएगा। सीएम भजनलाल शर्मा शनिवार को जयपुर में नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन के सम्मेलन में बोल रहे थे।

### भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही सरकार

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- हमारी सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा था, न खाऊंगा न खाने दूंगा, हम उसी मूल मंत्र पर चल रहे हैं। नारे देने के लिए खूब होते हैं। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। भ्रष्टाचार सामने आने के बाद हमने 103 अफसरों को सस्पेंड किया है। 6 अफसरों को सेवा से बर्खास्त किया है और 11 भ्रष्ट अधिकारियों की आजीवन पेंशन पर रोक लगाई है। वहीं रिश्वत, ट्रैप, पद का दुरुपयोग, आय से अधिक संपत्ति प्रकरणों के 108 मामलों में अभियोजन स्वीकृति दी है और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत 37 प्रकरणों में भी कठोर कार्रवाई की है।

### झूठ और लूट की राजनीति करने वालों ने देश को लूटा

सीएम ने नाम लिए बिना कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा- झूठ और लूट की राजनीति करने वालों ने इसी तरह लुभावने नारे देकर देश को लूटा है, उन्होंने देश को बर्बाद किया है, झूठ की राजनीति और भ्रष्टाचार किया है।

## शिविर में 171 लोगों के आंखों की हुई जांच.....




@चौमूं चौपाल

**चौमूं ।** जैतपुरा स्थित अमृत निवाला परिसर में लिटिल स्टेप फाउंडेशन की ओर से शंकरा आई हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच करवाई। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की आंखों की बारीकी से जांच कर आवश्यक परामर्श भी दिया। फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी हंसराज अग्रवाल ने बताया कि शिविर में कुल 171 लोगों की नेत्र जांच की गई। जांच के दौरान 35 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे मरीजों की आंखों की जांच आधुनिक उपकरणों की सहायता से की गई। डॉक्टरों ने मरीजों को आंखों की देखभाल, समय-समय पर जांच करवाने और आंखों से संबंधित बीमारियों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। शिविर में कई बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं ने भी भाग लिया। जांच के दौरान जिन मरीजों में गंभीर समस्या पाई गई, उन्हें आगे के उपचार के लिए अस्पताल रेफर किया गया।

मुख्य ट्रस्टी हंसराज अग्रवाल ने कहा कि समाज सेवा के कार्यों में स्वास्थ्य सेवाएं सबसे महत्वपूर्ण होती हैं। आंखों की रोशनी व्यक्ति के जीवन का अमूल्य हिस्सा है और समय पर जांच व उपचार से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहा है और भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों के लिए ऐसे शिविर लगाए जाते रहेंगे। शिविर के सफल आयोजन में फाउंडेशन के सदस्यों, समाजसेवियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। शिविर में पहुंचे लोगों ने संस्था की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में फाउंडेशन की रेणू अग्रवाल ने सभी चिकित्सकों, सहयोगियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए सम्मान....



@चौमूं चौपाल

**चौमूं ।** उपखंड के ग्राम अनंतपुरा निवासी समाजसेवी गोविन्द बलेसरा को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों और समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कस्बे एवं आसपास के क्षेत्र के सामाजिक लोगों और ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान गोविन्द बलेसरा को माला पहनाकर, साफा बांधकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, समाजसेवी और युवा मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गोविन्द बलेसरा लंबे समय से समाज हित में कार्य कर रहे हैं और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हमेशा आगे रहते हैं। उनके द्वारा शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की सहायता तथा विभिन्न सामाजिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाई जाती रही है। ग्रामीणों ने बताया कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने में भी उनका विशेष योगदान रहा है। इसी कारण क्षेत्र के लोगों में उनके प्रति विशेष सम्मान और विश्वास देखने को मिलता है। सम्मान समारोह के दौरान ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से साफा पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इसके साथ ही स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर बलेसरा ने सम्मान मिलने पर सभी ग्रामीणों और सामाजिक लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा ही उनका उद्देश्य है और भविष्य में भी वे इसी प्रकार जरूरतमंदों की मदद तथा सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहेंगे। उन्होंने युवाओं से भी समाजहित के कार्यों में आगे आने का आह्वान किया।

## सहरिया कॉलेज में भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 5 को...

@चौमूं चौपाल

**चौमूं।** कालाडेरा कस्बे के सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में भूगोल विषय की स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध वार्षिक योजना के नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 5 जून को प्रात: 9:30 बजे आयोजित की जाएगी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जयभारत सिंह ने बताया कि भूगोल विषय में स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के कुल 132 नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा विभाग की ओर से 8 बैचों में संपन्न कराई जाएगी। भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. बीसी जाट ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को अपना परिचय पत्र, प्रायोगिक परीक्षा प्रवेश पत्र तथा संबंधित प्रायोगिक फाइल अनिवार्य रूप से साथ लानी होगी।

# परेशानी...कुत्तों और बंदरों से दहशत में





कृष्ण कुमार वर्मा@चौमूं चौपाल

**मनोहरपुर।** कस्बे में इन दिनों बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक आमजन के लिए बड़ी परेशानी बनता जा रहा है। बाजार, मोहल्लों और मुख्य रास्तों पर झुंड में घूम रहे बंदर और कुत्ते राहगीरों, बच्चों और बुजुर्गों पर हमला कर रहे हैं। लगातार बढ़ रही घटनाओं के कारण लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थिति यह है कि कस्बे के कई इलाकों में लोग अकेले निकलने से भी डरने लगे हैं। बंदर घरों की छतों पर चढ़कर कपड़े, खाने-पीने का सामान और अन्य वस्तुएं उठा ले जाते हैं, वहीं आवारा कुत्ते भी लोगो को काट रहे है। कई बार कुत्तों के अचानक सामने आने से वाहन चालक गिरकर घायल भी हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और शाम के समय हालात सबसे ज्यादा खराब रहते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सबसे अधिक परेशान हैं। कई मोहल्लों में कुत्तों के झुंड रातभर भौंकते रहते हैं, जिससे लोगों की नींद तक प्रभावित हो रही है। युवा नेता महिपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि मुख्य बाजार, बस स्टैंड क्षेत्र, कॉलोनियों और मंदिरों के आसपास बंदरों का ज्यादा जमावड़ा देखा जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि बंदर ग्राहकों के हाथ से सामान छीन लेते हैं और दुकानों में घुसकर नुकसान पहुंचाते हैं। वहीं आवारा कुत्तों के कारण छोटे बच्चों को बाहर खेलने भेजना भी मुश्किल हो गया है।

### नगरपालिका पर उठ रहे सवाल...

लगातार बढ़ रही घटनाओं के बावजूद अब तक नगरपालिका स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों ने नगरपालिका प्रशासन से बंदरों को पकड़ने और आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। कस्बेवासियों ने प्रशासन से नियमित पकड़ अभियान और प्रभावित क्षेत्रों में टीम भेजने की मांग उठाई है। नगरपालिका ने पूर्व में भी बंदरों को पकड़वाया है। वहीं कुत्तों के लिए भी शिविर लगाया था।

### सीएचसी में पहुंच रहे घायल मरीज

सीएचसी प्रभारी नरेंद्र भदाला ने बताया कि हर माह बंदर एवं कुत्तों के काटने एवं हमलों से घायल 100 से अधिक मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिनका उपचार किया जा रहा है।

### फैक्ट फाइल

| माह | मरीज |
|---|---|
| जनवरी | 148 |
| फरवरी | 129 |
| मार्च | 130 |
| अप्रैल | 125 |
| मई | 104 |

## हाडोता ग्राम पंचायत ने मुख्य आबादी में सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया, 25 लाख रुपये स्वीकृत

@चौमूं चौपाल



**हाडोता।** ग्राम पंचायत हाडोता की ओर से गांव की मुख्य आबादी क्षेत्र में लंबे समय से बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य सोमवार से शुरू हो गया। सड़क निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामवासियों का कहना है कि लंबे समय से इस मार्ग के निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसके बाद अब पंचायत द्वारा काम शुरू करवाया गया है। सड़क बनने से गांव के लोगों को आवाजाही में काफी सुविधा मिलेगी और रोजमर्रा के कामों के लिए आवागमन आसान होगा। जानकारी के अनुसार यह सड़क एसपीएस स्कूल से शुरू होकर रघुनाथ मंदिर से होते हुए मुख्य बस स्टैंड की ओर बनाई जाएगी। यह मार्ग गांव के बीचों-बीच होने के कारण काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सड़क बनने से स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों, मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और बस स्टैंड तक जाने वाले ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। बरसात के मौसम में इस रास्ते पर होने वाली परेशानी से भी राहत मिलने की उम्मीद है। ग्राम पंचायत की ओर से इस सड़क निर्माण के लिए करीब 25 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

पंचायत प्रशासन का कहना है कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा कराया जाएगा ताकि ग्रामीणों को जल्द सुविधा मिल सके।

पंचायत वीडीओ आरती शर्मा ने मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत गांव के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है और ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार योजनाएं लागू की जा रही हैं। ग्रामीणों ने पंचायत के इस कदम का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद गांव की तस्वीर बदलेगी और लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

पंचायत प्रशासन ने भी भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों की रफ्तार आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

## श्रीराम महायज्ञ संपन्न:महायज्ञ में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब....



विशाल शर्मा@चौमूं चौपाल

**चौमूं।** ग्राम पोखरसा का बास स्थित बहादुर सिंह भोम्याजी महाराज मंदिर परिसर में श्रीराम महायज्ञ सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय 51 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का सोमवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ समापन हो गया। समापन अवसर पर ब्राह्मण विदाई एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। रोकड़िया हनुमान मंदिर गुवारडी के संत जानकीदास महाराज के सानिध्य में आयोजित हुए इस महायज्ञ के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने यज्ञ मण्डप की परिक्रमा कर पुण्य कमाया। वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार और जय श्रीराम के उद्घोष से भक्तिमय बना रहा। यज्ञाचार्य पं. चिरंजीलाल शास्त्री ने संतोषी माता मंदिर चौमूं के महामण्डलेश्वर बालकदास महाराज, रोकडिया हनुमान धाम के विष्णुदास महाराज व संतों के सानिध्य में विधि-विधान से महायज्ञ की पूर्णाहुति करवाई। इस मौके पर ठाकुर जी मंदिर के पुजारी दुर्गाप्रसाद शर्मा ने पधारे संत-महात्माओं का स्वागत-सत्कार किया। समिति सचिव रामपाल शर्मा ने बताया कि समापन अवसर पर ब्राह्मणों एवं बाहर से आए संत-महात्माओं को दक्षिणा देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

## गोविंदगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया में मूंगफली फैक्ट्री पर मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की छापेमारी

### नकली बीज बेचने का आरोप...

विकास शर्मा@चौमूं चौपाल



**चौमूं।** राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने चौमूं के गोविंदगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक मूंगफली फैक्ट्री पर अचानक छापेमारी कर कार्रवाई की। मंत्री के काफिले के फैक्ट्री पहुंचते ही वहां मौजूद संचालकों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि कुछ संचालक मौके से फैक्ट्री छोड़कर भाग निकले। मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने गोविंदगढ़ औद्योगिक क्षेत्र में संचालित एसीएस नाम की फैक्ट्री का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री परिसर में मौजूद स्टॉक, पैकिंग सामग्री और बीज के नमूनों की जांच की गई। प्रारंभिक जांच में मूंगफली बीज में कथित गड़बड़ियां मिलने और अल्फाटॉक्सिन फंगस संक्रमण की आशंका सामने आई है। मंत्री ने मौके पर कहा कि फैक्ट्री में किसानों के साथ धोखाधड़ी की जा रही थी। आरोप है कि सर्टिफाइड आरजे-510 बीज के नाम पर बाजार से खरीदी गई साधारण मूंगफली की पैकिंग कर उसे ऊंचे दामों पर किसानों को बेचा जा रहा था। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचने के साथ उनकी फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा भी बढ़ गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को बड़ी मात्रा में पैकिंग सामग्री और मूंगफली का स्टॉक भी मिला। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को पूरे मामले की गंभीरता से जांच करने और रिपोर्ट जल्द सौंपने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि खराब गुणवत्ता वाले बीजों की वजह से प्रदेश के कृषि उत्पादों की साख और निर्यात पर भी असर पड़ सकता है। अचानक हुई इस कार्रवाई से गोविंदगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया के अन्य कारोबारियों में भी हलचल रही। स्थानीय लोगों के बीच दिनभर इस छापेमारी की चर्चा होती रही। किसानों ने मंत्री की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## गोविन्दगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता: मंदिरों में चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

विकास शर्मा@चौमूं चौपाल



**चौमूं।** जयपुर ग्रामीण जिले के गोविन्दगढ़ थाना पुलिस ने मंदिरों में चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए तीन चांदी के छत्र और एक माइक मशीन बरामद की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई थानों में मंदिरों से चोरी के मामले दर्ज हैं। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद ने बताया कि 27 मई 2026 को बगड़ी नांगल स्थित ढाणी मानावाली बालाजी मंदिर के पुजारी केदारमल शर्मा ने गोविन्दगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 21 मई की रात गांव के तेजाजी महाराज मंदिर से दानपात्र का गल्ला तथा बालाजी मंदिर की खिड़की तोड़कर माइक मशीन और तीन चांदी के छत्र चोरी कर लिए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजनीश पूनियां और वृत्ताधिकारी गोविन्दगढ़ राजेश जांगिड़ के निर्देशन में थानाधिकारी विनोद सांखला के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र के जरिए जांच करते हुए आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने रींगस थाना क्षेत्र के ग्राम बरना से आरोपी मंगलचंद उर्फ बलदेव और नारायण लाल उर्फ कानू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने मंदिरों में चोरी करना स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिन में मंदिरों की रेकी करते थे और रात में वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार आरोपी मंगलचंद के खिलाफ खोराबीसल, गोविन्दगढ़, सामोद और कालाडेरा थानों में कुल आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि नारायण लाल के खिलाफ गोविन्दगढ़ थाने में दो प्रकरण दर्ज हैं। गोविन्दगढ़ पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में मंदिरों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

## भव्य श्री राम कथा में भरत संवाद ...



योगेश कुमार गुप्ता@चौमूं चौपाल

**बांसखोह।** कस्बा स्थित चौपड़ के पास इमली वाले बालाजी महाराज के मंदिर में राष्ट्रीय संत कथा वाचक ईश्वर दास महाराज द्वारा चल रही श्री भव्य राम कथा में राम नाम की महिमा यज्ञबालक भरद्वाज संवाद शिव सती चरित्र वर्णन के बारे में बताया गया ।इसी के साथ ही कथा के साथ साथ रंगारंग भजनों का कार्यक्रम किया जिसने श्रद्धालु रंगारंग भजनों का आनंद लेते हुए नाचते गाते हुए नजर आए इस मौके पर जयप्रकाश शर्मा,हरिमोहन सांभरिया, कैलाश चंद मामोडिया, शंभुदयाल जांगिड़, कल्याण जांगिड़, प्रकाश टेलर, योगेश कुमार गुप्ता, प्रहलाद बंदूक्या, रमेश चंद्र गुप्ता,अन्य काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इस मौके पर बालाजी महाराज के मंदिर में पंडित विष्णु शर्मा द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करके आरती करके सभी को प्रसाद वितरित किए कार्यक्रम का शुभारंभ कथा का जो कि 12 बजे से 4 बजे तक रहा यह कथा 30 मई से 7 जून तक चलेगी यह कार्यक्रम सभी ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया इस दौरान शिवप्रसाद जांगिड़, रमेश चंद्र, प्रेम कंवर द्रोपदी सैन, अल्का सांभरिया, नेहा, प्रेम, पूनम,अन्य काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे यह कार्यक्रम सभी ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया।

## खुले कुँए में गिरा गौवंश - गौ रक्षकों ने 2 घंटो की मशक्कत बाद सकुशल निकाला....



विकास शर्मा@चौमूं चौपाल

**चौमूं ।** उपखंड के ग्राम सिगोंद खुर्द में सड़क किनारे निजी खातेदार के करीब 60 फुट गहरे खुले कुएं में बछडा गिर गया, जिसकी सूचना स्थानीय सरपंच प्रतिनिधी त्रिलोक लोच्छिब ने घटना की सूचना गौ रक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे गौरक्षक शेरसिंह कुमावत के नेतृत्व मे राजू फौजी व सुरेश पलसानिया ने कुँए मे उतरकर करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद क्रेन की सहायता से बछड़े को सकुशल जीवित बाहर निकालकर रायसिंह का बास स्थित मां सुरभी गौशाला भिजवाया। गौरक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत ने आमजन से अपील की है कि खुले कुँए और बोरवैल के कारण आये दिन हादसे हो रहे है और ये आपके परिवारजनों को भी कालग्रास बनाने का न्योता दे रहे हैं। प्रशासन भी खुले कुओं और बोरवैल को बंद करवाने के लिए सरकारी आदेश जारी कर पुरजोर लगा हुआ है आपके आसपास भी कोई खुला कुआँ व बोरवैल हो तो उसे तत्काल ढखवाएं ताकि भविष्य मैं होने वाली किसी अनहोनी घटना से बचा जा सके। इस दौरान गौ रक्षक दल के सदस्य राजेश सेन, राजेन्द्र गोस्वामी, सुरेश पलसानिया, घनश्याम यादव, राजू कुमावत, बबलू वर्मा सहित गौरक्षकों का सरपंच प्रतिनिधि त्रिलोक लोच्छिब व नायब तहसीलदार सुरेश देवत ने गौरक्षक दल के साहसिक कार्यों की सराहना करते हुए खातेदारों को खुले कुँए को तत्काल ढंकवाने के लिए पाबंद किया।

## महिलाओं व बच्चों को दी कानूनी अधिकारों व साइबर सुरक्षा की जानकारी...



**चौमूं।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं तालुका विधिक सेवा समिति चौमूं के तत्वावधान में शुक्रवार को सुरक्षित बचपन-सुरक्षित भविष्य अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम रेलवे स्टेशन रोड स्थित मिर्ची की ढाणी आंगनबाड़ी केंद्र एवं वार्ड नंबर 24 की सिंधी कॉलोनी में आयोजित हुआ। शिविर का आयोजन तालुका विधिक सेवा समिति चौमूं के अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार काला के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर पीएलबी संतोष यादव ने महिलाओं, बच्चों एवं ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी अधिकारों और सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने रैगिंग रोकथाम, साइबर सुरक्षा, पोक्सो एक्ट, शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009, बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल श्रम निषेध कानून, महिला सुरक्षा कानून तथा घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने ऑनलाइन ठगी से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, मानव तस्करी की रोकथाम और नशा मुक्ति के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। साथ ही महिला एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर सहायता लेने का संदेश दिया। शिविर में करीब 60 महिलाओं एवं युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को साइबर अपराधों, रैगिंग जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ सतर्क रहने और अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनने का आह्वान किया गया।

## पैरोल के बाद भी कैदी को 24-दिन जेल में रखा

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने पैरोल के आदेश के बाद भी एक कैदी को 24 दिन तक जेल में रखने के मामले में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पीड़ित को 11 लाख रुपए का मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट से पैरोल के आदेशों के बावजूद कैदी को रिहा करने में 24 दिन की देरी को अवैध रूप से हिरासत में रखना माना गया है। जस्टिस संजय करोल और अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दाऊदयाल बनाम राजस्थान सरकार के मामले में 29 मई को यह फैसला सुनाया है। प्रशासनिक लेटलतीफी पर सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणियां की। कोर्ट ने साफ किया कि कोई व्यक्ति दोषी है, केवल इसलिए उसके मानवाधिकार कम नहीं हो जाते। प्रशासनिक देरी किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन नहीं कर सकती। कोर्ट ने जेल से रिहाई में देरी के पीछे राज्य सरकार का यह तर्क खारिज कर दिया कि वे आदेश को चुनौती देने पर विचार कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जब तक ऊपरी अदालत से स्टे नहीं मिले, तब तक अदालत के आदेश का पालन करना अनिवार्य है। हाईकोर्ट से पैरोल के आदेश के बावजूद 24 दिन जेल में रखा अपीलकर्ता दाऊदयाल को अलवर की कोर्ट ने साल 1988 के गैर इरादतन हत्या केस में 4 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। अपील खारिज होने के बाद 23 दिसंबर 2021 को गिरफ्तार किया गया, तब से लेकर वह जेल में था। 3 दिसंबर 2023 को स्थायी पैरोल के लिए आवेदन किया था। 18 जनवरी 2024 को खारिज कर दिया गया, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। हाईकोर्ट की सिंगल बैंच ने 5 नवंबर 2024 को 1 लाख रुपए के निजी मुचलके और 50 हजार रुपए के जमानती पेश करने पर रिहा करने का आदेश दिया था। प्रशासनिक लापरवाही से पैरोल के बावजूद जेल में रहा हाईकोर्ट के आदेशों तक अपीलकर्ता कुल 4 साल की सजा में से 3 साल 2 महीने और 20 दिन की सजा काट चुका था। उसकी 9 महीने 10 दिन की सजा बाकी थी।

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस...**

# तंबाकू से दूरी, स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ने का दिया संदेश

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर चौमूं में जागरूकता की अलख - 100 नागरिकों ने लिया संकल्प......

### तंबाकू छोड़ने, कानूनी अधिकारों की जानकारी और नशामुक्त समाज निर्माण का दिया गया संदेश.....

विशाल शर्मा@चौमूं चौपाल



**चौमूं।** तालुका विधिक सेवा समिति चौमूं एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर उप जिला चिकित्सालय चौमूं में तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन के प्रति प्रेरित करना था। इस मौके पर उप जिला अस्पताल प्रभारी डॉक्टर अजीत सिंह शेखावत व पीएलबी संतोष यादव ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों, कैंसर सहित अन्य घातक बीमारियों तथा तंबाकू की लत से बचने के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। लोगों से तंबाकू उत्पादों का त्याग कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों एवं जनहितकारी योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित लोगों को पोक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009, बाल श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम सहित बच्चों एवं महिलाओं के संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं उनके लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला गया। शिविर में लोगों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या अथवा विवाद की स्थिति में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क कानूनी सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर विधिक सेवा संस्थाओं से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। उप जिला चिकित्सालय चौमूं में आयोजित इस जागरूकता शिविर में लगभग 100 लाभार्थियों ने भाग लेकर कार्यक्रम का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में पैरा लीगल वालंटियर पीएलबी संतोष यादव ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के संकल्प के साथ अंत्योदय को धरातल पर उतारना ही हमारा मुख्य ध्येय - रामलाल शर्मा

### दिव्यांग दंपती को पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने भेंट की स्कूटी - चेहरे पर लौटी मुस्कान....





विशाल शर्मा@चौमूं चौपाल

**चौमूं।** समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को संबल प्रदान करने और नर सेवा ही नारायण सेवा के संकल्प को साकार करते हुए भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राजस्थान व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने एक बार फिर संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल पेश की है। शर्मा ने सिंगोदखुर्द निवासी दिव्यांग रमेश कुमार सेठी और उनकी धर्मपत्नी ममता रैगर को स्कूटी भेंट कर उन्हें आत्मनिर्भरता का संबल प्रदान किया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक शर्मा का परिवारजनों और ग्रामवासियों द्वारा माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। दिव्यांगता के कारण यह दंपती चलने-फिरने और अपने रोजमर्रा के कार्यों के लिए काफी असहनीय व संघर्षपूर्ण जीवन जीने को मजबूर थे। इस अवसर पर रामलाल शर्मा ने दिव्यांग दंपती का माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें स्कूटी की चाबी सौंपी। स्कूटी पाकर दंपती के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

इस मौके पर रामलाल शर्मा ने कहा कि अंत्योदय के संकल्प को साकार करते हुए समाज के हर वंचित, शोषित और जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाना और उनके जीवन को सुगम बनाना ही हमारा मुख्य ध्येय है। इस संबल से अब इस दंपती का जीवन आसान हो सकेगा और वे समाज में आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ सकेंगे।

इस दौरान भाजपा गोविंदगढ़ मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह शेखावत, थानाधिकारी विनोद सांखला, त्रिलोक लोच्छिब, सुरेश कुमार सैनी (सरपंच - सिंगोद कला), कजोड़ चोपड़ा (पूर्व सरपंच - सिंगोद कला), गोपाल यादव (पूर्व उपसरपंच - सिंगोद खुर्द), पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी चमन लाल वर्मा, वार्ड पंच प्रभु दयाल यादव, और वार्ड पंच महेंद्र कुम्हार, देवेंद्र सिंह राठौड़, पवन चोपड़ा, सुरेश चोपड़ा, जगदीश यादव (पोस्टमैन), कैलाश चंद सैनी, गुलाब अग्रवाल, रामावतार चोपड़ा, ओम सिंह कविया, पप्पू टेलर, राहुल शर्मा, राजेंद्र जांगिड़, राहुल कुम्हार, रामेश्वर यादव, विक्रम सिंह शेखावत, राम सिंह शेखावत, जगन्नाथ (मैनेजर), रामदेव शास्त्री, जीवन राम रैगर, बंशीधर वर्मा, उमेद राम रैगर, ओम प्रकाश सोनी, श्रवण लाल रैगर, मुरारी लाल बुनकर, गुलाब चंद रैगर, लहरी नाथ योगी, मुकेश कुमार सैनी, मनोहर लाल ढाका, अनिल मीणा, डॉ. लक्ष्मण सियाग, राजेश कुमार अंकुर (प्रधानाचार्य), और सोनू वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।इस दौरान पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन सरदार सिंह जाखड़ द्वारा किया गया। उपस्थित सभी ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने रामलाल शर्मा की इस मानवीय और अनूठी पहल की मुक्तकंठ से सराहना की।

## बार एसोसिएशन चौमूं ने न्यायिक अधिकारियों का किया सम्मान.....



**चौमूं।** चौमूं तहसील परिसर स्थित बार सभागार में शुक्रवार को बार एसोसिएशन चौमूं की ओर से न्यायिक अधिकारियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नव नियुक्त एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले न्यायिक अधिकारियों का माल्यार्पण, साफा पहनाकर तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया। समारोह में नव नियुक्त एडीजे-10 श्वेता ढाका, एमएम-17 हरिकिशन, एमएम-26 नाहूस गौतम, विशिष्ट न्यायाधीश एनआई एक्ट-16 संगीता वर्मा, अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट दौलत मीणा, उपखंड अधिकारी आशीष कुमार शर्मा तथा मुंसिफ मजिस्ट्रेट विकास चौधरी का अभिनंदन किया गया। वहीं वर्तमान एडीजे-10 रश्मि आर्य एवं एडीजे जिला जयपुर पवन काला के स्थानांतरण पर उन्हें माला, साफा एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। बार अध्यक्ष चरण सिंह जाट ने न्यायिक अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि न्यायपालिका और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय से आमजन को त्वरित न्याय मिल सकेगा। उन्होंने न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने में अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों की साझा भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अजय सिंह शेखावत, संयुक्त सचिव राजेश फलडोलिया, सांस्कृतिक सचिव प्रियंका कुमारी यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने बांधे 60 परिंडे, पक्षियों की प्यास बुझाने का लिया जिम्मा...

**ग्रीष्मकालीन शिविर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश, पेड़-पौधों की देखभाल का भी संकल्प....**

@चौमूं चौपाल



**चौमूं।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय भोजलावा में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर के तहत शनिवार को विद्यार्थियों ने पक्षियों के संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन की अनूठी पहल करते हुए विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में 60 परिंडे बांधे। भीषण गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सरोज कुमारी सैनी एवं वरिष्ठ अध्यापिका निशा शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक परिंडों में पानी भरकर उन्हें विभिन्न स्थानों पर स्थापित किया, ताकि गर्मी से परेशान पक्षियों को राहत मिल सके। साथ ही विद्यालय परिसर में लगे पेड़-पौधों को भी पानी देकर उनकी देखभाल की। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया गया। शिक्षकों ने बताया कि प्रकृति और वन्य जीवों के संरक्षण में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है तथा छोटी-छोटी पहल भी बड़े बदलाव का आधार बन सकती हैं। विद्यार्थियों ने नियमित रूप से परिंडों में पानी भरने तथा विद्यालय परिसर के पेड़-पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का भी आह्वान किया।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू हुआ भोमियाजी महाराज का पाटोत्सव...





**चौमूं।** उपखंड के ग्राम हाड़ोता में भोमियाजी महाराज का दो दिवसीय पाटोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ शुरू हुआ। पाटोत्सव के शुभारंभ पर गांव में भव्य कलशयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से रवाना होकर गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई भोमियाजी मंदिर पहुंची। कलश यात्रा के दौरान पूरा गांव भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण किए मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। वहीं डीजे पर बज रहे भक्तिमय भजनों और भोमियाजी महाराज के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। मंदिर परिसर पहुंचने पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत की गई। पुजारी अनिल कुमार ने बताया कि पाटोत्सव के प्रथम दिन रामायण पाठ आरंभ हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने बताया कि सोमवार को कन्या भोजन, सत्संग और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह बना हुआ है।

# हरमाड़ा में 'जहरीला हाईवे' का सचः कचरे की आग से उठ रहा धुआं, सांस लेना हुआ मुश्किल

**बढारणा पुलिया से खातियों की पुलिया तक अजमेर-दिल्ली हाईवे बना अवैध डंपिंग ज़ोन, प्रशासन बेखबर**





सीपी गहलोत@चौमूं चौपाल

**हरमाड़ा।** हरमाड़ा क्षेत्र में अजमेर-दिल्ली हाईवे इन दिनों गंभीर पर्यावरणीय संकट का केंद्र बनता जा रहा है। बढारणा पुलिया से लेकर खातियों की पुलिया तक सर्विस रोड के दोनों किनारों पर खुलेआम अवैध रूप से कचरा डाला जा रहा है। यह इलाका अब धीरे-धीरे कचरे के बड़े डंपिंग ज़ोन में तब्दील हो चुका है, जहां दिनभर बदबू और शाम होते ही जहरीला धुआं लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। स्थिति सबसे ज्यादा भयावह शाम के समय होती है, जब कचरे के ढेरों में आग लगा दी जाती है। आग लगते ही घना और जहरीला धुआं पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लेता है। दूर-दूर तक धुएं का गुबार फैलने से हाईवे और सर्विस रोड पर चलना मुश्किल हो जाता है। वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर और मुंह पर कपड़ा बांधकर गुजरना पड़ रहा है, वहीं राहगीरों की हालत और भी खराब हो जाती है।

दिनभर कचरे से उठने वाली सड़ांध से आसपास के क्षेत्रों में रहना दूभर हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस लगातार बढ़ते प्रदूषण के कारण सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन, खांसी और अन्य बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। खासतौर पर बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कचरा विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया और आसपास की फैक्ट्रियों से निकलकर यहां फेंका जा रहा है। फैक्ट्री संचालक नियमों की अनदेखी करते हुए सर्विस रोड किनारे कचरा डंप कर रहे हैं, जिससे यह समस्या विकराल रूप ले चुकी है। हैरानी की बात यह है कि इतनी गंभीर समस्या के बावजूद संबंधित विभाग पूरी तरह से निष्क्रिय नजर आ रहे हैं। ना तो एक्सप्रेस हाईवे प्रबंधन इस ओर कोई ठोस कदम उठा रहा है और ना ही नगर निगम की ओर से सफाई या कार्रवाई के लिए कोई पहल की जा रही है। कई बार शिकायतों के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। यह हाईवे जहां एक ओर लोगों की सुविधा और तेज आवागमन के लिए बनाया गया था, वहीं अब यह क्षेत्र के लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। रोजाना हजारों लोग इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन उन्हें जहरीले धुएं और बदबू के बीच सफर करना पड़ रहा है।

पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि खुले में कचरा जलाना न केवल वायु प्रदूषण को खतरनाक स्तर तक पहुंचाता है, बल्कि इससे निकलने वाली जहरीली गैसें मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक होती हैं। यदि समय रहते इस समस्या पर रोक नहीं लगाई गई, तो यह क्षेत्र बड़े स्वास्थ्य संकट का केंद्र बन सकता है।

**अब बड़ा सवाल**

क्या जिम्मेदार विभाग इस 'जहरीले हाईवे' से लोगों को राहत दिलाने के लिए जागेंगे, या फिर यूं ही लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ होता रहेगा
इस तरह की स्थिति में आमतौर पर प्रशासन को ये कार्रवाई करनी चाहिए

- अवैध कचरा डंपिंग पर तुरंत रोक और निगरानी
- कचरा फेंकने वाले फैक्ट्री संचालकों पर जुर्माना व कानूनी कार्रवाई
- नियमित सफाई और कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण
- खुले में कचरा जलाने पर सख्त प्रतिबंध और पेट्रोलिंग
- प्रदूषण स्तर की जांच और स्वास्थ्य सुरक्षा के उपाय
- लेकिन फिलहाल जमीनी हकीकत यही है कि कार्रवाई की रफ्तार बेहद धीमी है या न के बराबर है।

## गणपति नगर में भागवत कथा, कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**राजावास।** जयपुर-चौमूं रोड स्थित राजावास पुलिया के पास गणपति नगर में बुधवार को इच्छापूर्ण महादेव मंदिर में गुरु माता के सानिध्य में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूजा शर्मा, राधा व पीहू चौधरी ने भगवान कृष्ण की जीवंत झांकी प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान भक्ति माहौल बना रहा। इस अवसर पर रेनू चौधरी, पुष्पा, ममता, इंद्रा, कमली सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## स्वर्गीय गोपाल लाल सोगण की स्मृति में चला 'परिंडा लगाओ-पक्षी बचाओ' अभियान...



विशाल शर्मा@चौमूं चौपाल

**चौमूं।** श्री गीतागोपाल नाट्यकला संस्थान के तत्वावधान में स्वर्गीय गोपाल लाल सोगण की स्मृति में परिंडा लगाओ-पक्षी बचाओ अभियान के तहत वीर हनुमान मार्ग खेल स्टेडियम में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने का संदेश देते हुए उपस्थित लोगों को परिंडों के संरक्षण एवं नियमित रूप से पानी भरने की प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। संस्थान अध्यक्ष रंगमंच कलाकार गोल्ड मेडलिस्ट सुनील सोगण ने बताया कि संस्थान द्वारा पिछले 10 वर्षों से लगातार यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में पक्षियों को पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाकर उनमें नियमित रूप से पानी भरना चाहिए। इससे जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज में जाता है। सामाजिक कार्यकर्ता ओ.पी. सेठी ने कहा कि पक्षियों की सेवा करना पुण्य का कार्य है तथा ऐसे अभियान समाज को प्रकृति और जीवों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पूरण मौर्य, कैलाश चांदोलिया, जन सेवा कल्याण संस्थान अध्यक्ष किशोर जमालपुरिया, सुरेश कुमावत, मनोज बागोरिया, राजेंद्र सेन, डॉ. नरेंद्र कुमार सैनी एवं संस्थान सचिव घनश्याम जांगिड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बाल रंगमंच कार्यशाला से विद्यार्थियों में निखर रहा आत्मविश्वास और व्यक्तित्व....




विशाल शर्मा@चौमूं चौपाल

**चौमूं।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, चौमूं में श्री गीतागोपाल नाट्यकला संस्थान के सहयोग से आयोजित बाल रंगमंच कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए नई सीख और अनुभव का माध्यम बन रही है। ग्रीष्मकालीन समाज सेवा शिविर के अंतर्गत चल रही इस कार्यशाला में बच्चे अभिनय के साथ व्यवहारिक जीवन के महत्वपूर्ण गुण भी सीख रहे हैं। कार्यशाला का संचालन संस्थान के अध्यक्ष एवं रंगमंच कलाकार, एम.ए. नाट्यकला गोल्ड मेडलिस्ट सुनील सोगण द्वारा किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को मंच पर प्रभावी ढंग से बोलना, भावों की अभिव्यक्ति करना, संवाद प्रस्तुत करना, समूह में कार्य करना तथा रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेना सिखाया जा रहा है। सुनील सोगण ने बताया कि बाल रंगमंच बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का सशक्त माध्यम है। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है, झिझक दूर होती है तथा वे अपने विचार स्पष्ट रूप से व्यक्त करना सीखते हैं। कार्यशाला में नाट्य खेल, एकल अभिनय, कहानी प्रस्तुति, मूक अभिनय और मंच अनुशासन जैसी गतिविधियां भी करवाई जा रही हैं। ग्रीष्मकालीन समाज सेवा शिविर प्रभारी कलावती चतुर्वेदी ने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होती हैं। कार्यशाला में बच्चों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। इस अवसर पर केदारमल कुमावत, सुरेश कुमार सैनी, मनफूली देवी एवं सुमन योगी उपस्थित रहे।

# अंधविश्वास का काला कारोबार!

## 'वशीकरण' के नाम पर तांत्रिक बाबाओं की खुली लूट, युवाओं को बना रहे शिकार.....

**नौकरी, प्यार और किस्मत सुधारने का झांसा–सोशल मीडिया विज्ञापनों से फंसाकर हजारों की ठगी, स्टिंग में खुला बड़ा खेल...**

सीपी गहलोत@चौमूं चौपाल

**जयपुर।** प्रदेश में अंधविश्वास का खतरनाक मायाजाल तेजी से फैलता जा रहा है, जहां खुद को तांत्रिक और ज्योतिषी बताने वाले ठग युवाओं को अपना शिकार बना रहे हैं। प्यार में असफलता, नौकरी में रुकावट और बिगड़ी किस्मत सुधारने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर उनसे मोटी रकम ऐंठी जा रही है। इन ठगों का नेटवर्क अब डिजिटल प्लेटफॉर्म तक फैल चुका है। अखबारों, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर आकर्षक विज्ञापन देकर ये लोगों को अपने जाल में फांसते हैं। विज्ञापनों में हर समस्या का गारंटीड समाधान देने का दावा किया जाता है, जिससे परेशान युवा आसानी से इनके संपर्क में आ जाते हैं।




### चल रही ठगी की दुकान

अपनी तंत्र शक्ति का माया जाल फैला कर कुछ लोग ठगी का कारोबार कर रहे हैं। ऐसे तांत्रिक बाबा के मायाजाल में फंस कर लोग कुछ भी कर सकते हैं। ऐसे तांत्रिक विज्ञापन छपवा कर, दूसरे राज्यों में बैठकर फोन पर, लोगों के बीच अंधविश्वास का खौफ फैलाकर ठगी कर रहे हैं। आपको बता दे की भविष्य बनाने से लेकर सभी समस्याओं का हल दिलाने वालों की कई नंबरों पर कॉल करने से पोल खुल गई। वशीकरण की पूजा के नाम पर लोगों से अकाउंट व क्यूआर बारकोड में पैसे मंगाकर सभी परेशानियों के समाधान के दावे करते हैं।

### सोशल मीडिया पर विज्ञापन बना हथियार......

प्रदेश सहित कई राज्यों के तांत्रिक अखबारों में अपना विज्ञापन फेसबुक पर इंस्टाग्राम पर देते हैं। अपनी तांत्रिक शक्ति के बारे में विस्तृत जानकारी देकर लोगों को फांसते हैं।

विज्ञापन में दिए नंबरों पर हमारे रिपोर्टर ने फोन करके उनकी पूरी बातचीत रिकॉर्ड की। इसमें कई ऐसी बातें पता चली जो इनकी ठगी का पर्दाफाश करती हैं।

### स्टिंग में खुलासा,ऐसे फंसाते हैं शिकार-बाबा का दावा...

**रिपोर्टर:** बाबा प्रणाम। मैं चंद्र प्रकाश बोल रहा हूं। मुझे एक परेशानी है।
बाबा: **खुश रहो। बोलो क्या परेशानी** है।
**रिपोर्टर:** बाबा मेरी गर्लफ्रेंड रूठ गई है। कोई उपाय बताइए। बहुत परेशान हूं।

**बाबा:** उपाय तो है बेटा। 11000 रुपए खर्च करने होंगे। वशीकरण की कार्रवाई करने के लिए। वशीकरण की कार्रवाई कर देंगे, लड़की पूरी तरह तुम्हारे हाथ जाएगी। जो बोलोगे वही करेगी।

**रिपोर्टर:** बाबा,अब तो वह फोन भी नहीं उठाती है।

**बाबा:** फोन छोड़ो, सब कुछ उठाएगी। पूजा होने के बाद तेरे पास दौड़ कर आएगी। पूजा कर एक धागा भेजूंगा, उसके घर में फेंक देना। जिस कमरे में वह सोती है, धागा उसमें डाल देना। फिर देखना कमाल।

**रिपोर्टर:** पैसे दो बार में दे सकता हूं।

**बाबा:** पूजा होगी। गर्लफ्रेंड मिलेगी। पैसा दो बार में क्यों दोगे। अकाउंट नंबर भेज रहा हूं, पूरा पैसा डालना, तभी पूजा शुरू करेंगे।

### बाबाओं के चप्पे चप्पे में दलाल

प्रदेश में विभिन्न इलाके में तांत्रिक अटे पड़े हैं। इनमें हिंदु और मुस्लिम का भेद नहीं है। इन बाबाओं के एक से एक दावे हैं। कई ने प्रचारित कर रखा है कि वे कोई फीस और पैसा नहीं लेते। ऐसा कहने से लोगों को लगता है कि बाबा को सांसारिक लोभ नहीं है। लेकिन ऐसे बाबा नगद से परहेज दिखाते पहले चंगुल में आए पीड़ित पर भरोसा जमाते हैं। बाद में कई तरह से उगाही करते हैं। बाबाओं के हर इलाके में एजेंट हैं। कुछ बाबा जयपुर ग्रामीण इलाके में रहते हैं।

## तपती गर्मी में दिगराज सिंह की मानवीय पहल

## मनोहरपुर और शाहपुरा क्षेत्र में घर-घर पहुंच रहे निःशुल्क पानी के टैंकर...



**दिगराज सिंह ने कहा- जनसेवा ही मेरा संकल्प**

**शाहपुरा।** भीषण गर्मी और पेयजल संकट के बीच किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव दिगराज सिंह जरूरतमंद लोगों के लिए राहत बनकर सामने आए हैं। उन्होंने शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में निःशुल्क पेयजल सेवा अभियान शुरू कर गांवों, ढाणियों और बस्तियों में पानी के टैंकर पहुंचाने की पहल की है। क्षेत्र में लगातार बढ़ती गर्मी और जल संकट के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में दिगराज सिंह की ओर से लगातार पानी के टैंकर भेजकर जरूरतमंद परिवारों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। इस पहल से सैकड़ों परिवारों को राहत मिली है। ग्रामीणों ने दिगराज सिंह की इस जनसेवा की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में जब लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान हैं, तब यह अभियान किसी बड़ी राहत से कम नहीं है। पानी मिलने से लोगों के चेहरों पर खुशी और राहत दिखाई दे रही है। दिगराज सिंह ने कहा कि जनसेवा ही उनका उद्देश्य है और भीषण गर्मी में कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहे, इसी सोच के साथ यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी जरूरतमंदों की हरसंभव मदद जारी रहेगी।

## आईपीएस सुमित मेहरड़ा को पहली बार डीजीपी डिस्क सम्मान

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने सराहनीय सेवाओं और उत्कृष्ट कार्य के लिए साल-2026 की डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति रोल लिस्ट जारी कर दी है। जारी लिस्ट में आईपीएस, आरपीएस, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, एएसआई, हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल स्तर तक कुल 123 अधिकारियों-कर्मचारियों को डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति रोल के लिए चयनित किया गया है। कई युवा आईपीएस अधिकारियों को भी उनके अच्छे कामों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

अपराध नियंत्रण, साइबर अपराधों की रोकथाम, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और नवाचार आधारित पुलिसिंग में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों का चयन किया गया है।

# यूईएम जयपुर में आए टॉप रिक्रूटर्स, स्टूडेंट्स को मिले शानदार प्लेसमेंट ऑफर्स...

@चौमूं चौपाल

**जयपुर।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर में प्लेसमेंट का सीज़न ज़बरदस्त सफलता देख रहा है। 2026 में पास होने वाले बैच के लिए लगातार कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव चलाई जा रही हैं, साथ ही 2027 में ग्रेजुएट होने वाले प्री-फाइनल ईयर के छात्रों के लिए इंटर्नशिप और प्री-प्लेसमेंट के मौके भी दिए जा रहे हैं। यूनिवर्सिटी ने एक बार फिर इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कंप्यूटर एप्लीकेशंस और दूसरे प्रोफेशनल विषयों के छात्रों के लिए बेहतरीन करियर के मौके को पक्का साबित किया है। आपको बता दें कि प्लेसमेंट ड्राइव में कई जानी-मानी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने हिस्सा लिया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़, इंफोसिस, विप्रो, कॉग्निजेंट, कैपजेमिनी, एक्सेंचर, टेक महिंद्रा जैसी मशहूर कंपनियों के अलावा कई कोर इंजीनियरिंग, एनालिटिक्स, फाइनेंस, कंसल्टिंग और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनियों ने यूनिवर्सिटी कैंपस में रिक्रूटमेंट ड्राइव चलाई हैं। वहीं छात्रों को इस सीज़न में प्लेसमेंट के बहुत ही आकर्षक ऑफर मिले हैं। सबसे ज़्यादा पैकेज एक शानदार लेवल तक पहुँचा है, जो छात्रों की इंडस्ट्री के लिए तैयारी और तकनीकी काबिलियत को दिखाता है। कई छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, बिज़नेस एनालिटिक्स, VLSI, कोर इंजीनियरिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में जानी-मानी कंपनियों से कई ऑफर भी मिले हैं। वहीं फाइनल प्लेसमेंट के अलावा, यूनिवर्सिटी ने 2027 बैच के प्री-फाइनल ईयर के छात्रों के लिए प्लेसमेंट की तैयारी और इंटर्नशिप से जुड़ी खास गतिविधियाँ भी शुरू की हैं। कड़ी प्री-प्लेसमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम के ज़रिए रोज़गार पाने लायक हुनर को बढ़ाने पर खास ज़ोर दिया जा रहा है। यूनिवर्सिटी एप्टीट्यूड, क्वांटिटेटिव एनालिसिस, लॉजिकल रीजनिंग, वर्बल एबिलिटी, कोडिंग स्किल्स, ग्रुप डिस्कशन की तकनीकें और विषय से जुड़े खास विषयों में बड़े पैमाने पर ट्रेनिंग सेशन चला रही है। एक्सपर्ट ट्रेनर और इंडस्ट्री के प्रोफेशनल छात्रों को इंटरव्यू देने की तकनीकें, रिज्यूमे बनाना, बातचीत का हुनर और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट में गाइड कर रहे हैं, ताकि कैंपस रिक्रूटमेंट के दौरान वे बेहतर परफ़ॉर्म कर सकें।



# त्वरित एक्शनः कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने विकास कार्यों का लिया

**अधिकारियों को निर्देश देने के बाद स्वयं पहुंचे मौके पर, विकास कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का लिया जायजा, कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने किया निरीक्षण**

**कर्नल राज्यवर्धन राठौड के लगातार निरीक्षण और मॉनिटरिंग से क्षेत्र के विकास कार्यों में आई तेजी**

**आवागमन में राहत देने के लिए नियमों के भीतर समाधान तलाशने की अभिनव पहल, कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने बनवाई हाईटेंशन लाइन क्षेत्र में डब्ल्यूएमएम रोड**

कृष्ण कुमार वर्मा @चौमूं चौपाल



**जयपुर।** झोटवाडा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड मंगलवार, 26 मई को क्षेत्र के विस्तृत निरीक्षण दौरे पर निकले। उन्होंने विभिन्न वार्डों में चल रहे एवं पूर्ण हुए विकास कार्यों का स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पिछले महीने नगर निगम, जेडीए सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, पेयजल विभाग, निगम और अन्य विभागों के अधिकारियों की मीटिंग लेकर सार्वजनिक समस्याओं के त्वरित निदान के आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे और अधिकारियों को ताकीद किया कि आमजन के कामों को तत्परता के साथ पूरा किया जाए। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का मंगलवार का यह निरीक्षण दौरा उन्हीं निर्देशों की प्रगति की समीक्षा से जुडा हुआ था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने करणी पैलेस स्थित हाईटेंशन लाइन रोड के नीचे सफाई एवं स्ट्रीट लाइट कार्यों का जायजा लिया। वॉर्ड 50 स्थित रंगोली गार्डन एवं वॉर्ड 53 में महाराणा प्रताप रोड के विकास कार्य भी पूर्ण हो चुके हैं। वॉर्ड 56 में गांधीपथ, लालरपुरा क्षेत्र में सडक निर्माण कार्य तथा गिरधारीपुरा पंपिंग स्टेशन के पीछे सडक निर्माण कार्य को भी पूरा कर लिया गया है। वॉर्ड 56 से 59 तक धाबास हाईटेंशन लाइन क्षेत्र के नीचे डब्ल्यूएमएम सडक निर्माण कार्य भी पूर्ण हुआ। सामान्यतः हाईटेंशन लाइन के नीचे सडक निर्माण की अनुमति नहीं होती, लेकिन क्षेत्रवासियों की आवाजाही में हो रही परेशानी को देखते हुए कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने विशेष पहल कर डब्ल्यूएमएम सडक निर्माण करवाया। मंगलवार को उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर इस कार्य का निरीक्षण किया। वॉर्ड 62 में संजय नगर, शनिमंदिर के निकट डिवाइडर सफाई कार्य को भी पूरा किया गया है। साथ ही कालवाड रोड पर 206 बीघा क्षेत्र में मैकेनाइज्ड ट्रान्सफर स्टेशन स्थापित करने के दिए निर्देश 7 झोटवाडा क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों और समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर जनता में कर्नल राज्यवर्धन राठौड की सक्रिय कार्यशैली की व्यापक चर्चा है। जनता ने कर्नल राज्यवर्धन राठौड की जनहितकारी सोच, त्वरित निर्णय क्षमता और जमीनी कार्यशैली की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## बायपास बना ही नहीं... पथ संकेतक बोर्ड लगाने की तैयारी!

**गोविंदगढ़-इटावा बधाल फोरलेन परियोजना में उठे सवाल - ग्रामीणों ने जताई नाराजगी...**




प्रहलाद सहाय मीणा @चौमूं चौपाल

**मलिकपुर ।** गोविंदगढ़ से इटावा-बधाल तक निर्माणाधीन फोरलेन सड़क मार्ग परियोजना एक बार फिर चर्चा में है। ग्राम मलिकपुर के बाहरी क्षेत्र में प्रस्तावित बायपास का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि बायपास मार्ग के लिए पथ संकेतक (साइन बोर्ड) लगाने की तैयारियां दिखाई देने लगी हैं। इस स्थिति ने क्षेत्रवासियों और राहगीरों के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस बायपास का निर्माण कार्य अभी धरातल पर दिखाई ही नहीं दे रहा, उसके लिए पहले से संकेतक बोर्ड लगाने की प्रक्रिया समझ से परे है। लोगों का मानना है कि संबंधित विभाग को पहले बायपास का निर्माण कार्य पूर्ण कराना चाहिए, उसके बाद ही मार्गदर्शन संबंधी बोर्ड लगाए जाने चाहिए। स्थानीय लोगों के अनुसार गोविंदगढ़-इटावा बधाल फोरलेन परियोजना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। परियोजना के अंतर्गत मलिकपुर के बाहर बायपास निर्माण का भी प्रावधान है ताकि भारी वाहनों का आवागमन गांव से बाहर होकर हो सके और आमजन को जाम व दुर्घटनाओं से राहत मिल सके। लेकिन लंबे समय से बायपास निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने के कारण लोगों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में जहां बायपास प्रस्तावित है वहां निर्माण गतिविधियां नगण्य हैं, जबकि दूसरी ओर पथ संकेतक बोर्ड लगाए जाने की चर्चा और तैयारियां शुरू हो गई हैं। इससे लोगों में यह धारणा बन रही है कि कहीं कागजों में काम आगे बढ़ाने की कोशिश तो नहीं की जा रही। क्षेत्र के नागरिकों ने संबंधित विभाग और परियोजना अधिकारियों से मांग की है कि बायपास निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। उनका कहना है कि अधूरे कार्य के बीच संकेतक बोर्ड लगाने से आमजन भ्रमित होंगे और सरकारी कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठेंगे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही बायपास निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समक्ष अपनी मांग को मजबूती से उठाएंगे। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत वाली परियोजना का लाभ तभी मिलेगा जब सभी प्रस्तावित कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं।

### क्षेत्रवासियों का सवालः

जब बायपास का अस्तित्व ही जमीन पर नहीं है, तो आखिर पथ संकेतक बोर्ड किस रास्ते का लगाया जाएगा? यह मामला अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग विभागीय अधिकारियों से स्पष्ट जवाब की अपेक्षा कर रहे हैं।

## सम्मान समारोह में 1400 से अधिक छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

कृष्ण कुमार वर्मा @चौमूं चौपाल






**मनोहरपुर।** क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विधायक मनीष यादव द्वारा नायन स्थित निजी गार्डन में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10 वीं एवं 12वीं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रतिभा दिखाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में अमरसर, नायन, कलवानियो का बास, मारखी, हनुतिया, राडावास, जगतपुरा, शिव सिंहपुरा, पठानों का बास, हनुतपुरा, करीरी, रानीपुरा-जोधपुरा, मुरलीपुरा ग्राम पंचायतों के 1400 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विधायक ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में महाराज कालीदास जी ने विद्यार्थियों को अपने आशीर्वचनों से प्रेरित करते हुए शिक्षा, संस्कार और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक मनीष यादव ने कहा कि शिक्षा ही किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति का सबसे सशक्त आधार है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान केवल उनकी उपलब्धियों का गौरवगान नहीं, बल्कि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने का उत्साह पैदा करते हैं। कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। विधायक यादव ने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर अपने माता-पिता, विद्यालय, समाज, क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन करें तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## आधी रात को खत्म हुआ भैराणा धाम विवाद ...

## दुसरे दिन ही ही उपजा बयानों का नया राजनीतिक विवाद...

**भाजपा - रालोपा के कार्यकर्ताओ ने सोशल मीडिया को बनाया राजनीतिक दंगल...,बेनिवाल का जयपुर कूच ऐलान - और आंदोलन समाप्त !**



**जयपुर।** दूदू स्थित दादू दयाल जी की तपोस्थली भैराणा धाम को लेकर 42 दिनों से चल रहा जमीनी गतिरोध भले ही आधी रात प्रशासन और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल के बीच समझौते के बाद थम सा गया है। लेकिन इस आंदोलन के मंच से मुख्यमंत्री पर की गई अमर्यादित टिप्पणी ने राज्य में एक बड़ा राजनीतिक अखाड़े को जन्म दिया है। आपको बता दें कि महापड़ाव के दौरान राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को महामूर्ख और कैबिनेट मंत्रियों को मूर्ख कह डाला, जिसके बाद पूरी भारतीय जनता पार्टी उनके खिलाफ आक्रामक मोड में आ गई है। तिखे शब्दों के बाण एक के बाद एक भाजपा और रालोपा के बीच सोशल मीडिया पर छोड़े गए। आपको बता दें कि हनुमान बेनीवाल के इस बयान के बाद बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने बेनीवाल पर तीखा हमला बोला। प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने बेनीवाल की भाषा शैली पर कड़ा एतराज जताते हुए कहा, राजनीति में अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए इतने घटिया शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिस तरीके से कोई गुंडा या सुपर गुंडा बनकर फिरौती और हफ्ता वसूली कर कमाई करता है, वैसी ही भाषा आजकल राजनेताओं की हो गई है। तो वहीं दूसरी ओर मदन राठौड़ के बाद भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने भी हनुमान बेनीवाल के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए और भी ज्यादा व्यक्तिगत और राजनीतिक प्रहार किए। शर्मा ने बेनीवाल की भाषण शैली पर तंज कसते हुए कहा, राजस्थान की जनता बहुत अच्छे से और भली-भांति जानती है कि हनुमान बेनीवाल असल में किस नशे में होकर इस प्रकार के भाषण देते हैं। बेनीवाल के आक्रामक रुख का जवाब देते हुए प्रवक्ता ने कड़े लहजे में कहा, शायद बेनीवाल को यह मुगालता है कि केवल उनकी ही मां ने उन्हें दूध पिलाया है, लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि राजस्थान के हर व्यक्ति को जन्म देने वाली मां ने अपने बच्चे को दूध पिलाया है और यहां कोई किसी से कमजोर नहीं है।

### भैराणा धाम रीको विवाद पर कैसे बनी सहमति?

पूरे सियासी घमासान की जड़ मोजमाबाद तहसील के भैराणा धाम के पास प्रस्तावित रीको औद्योगिक क्षेत्र परियोजना है। यहां दादू पंथ के संतों और स्थानीय लोगों द्वारा पिछले कई दिनों से औद्योगिक निर्माण और पेड़ों की कटाई के विरोध में धरना और अग्नितप किया जा रहा था. संतों के इस आंदोलन को समर्थन देने के लिए बुधवार को आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल हजारों समर्थकों के साथ भैराणा धाम बचाओ आंदोलन के तहत जयपुर कूच के लिए निकले थे। आपको बता दें कि बुधवार दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक हनुमान बेनीवाल अपने समर्थकों के साथ कड़ी धूप में भैराणा धाम में डटे रहे और वहां से जयपुर कूच का ऐलान किया। जयपुर कूच का ऐलान होते ही समर्थक उग्र हो गए और उन्होंने बीचून पुलिस चौकी के बाहर प्रशासन द्वारा लगाए गए भारी बैरिकेड्स को गिराकर आगे बढ़ना शुरू कर दिया। काफिला मोकमपुरा तक पहुंच गया। स्थिति को बिगड़ता देख जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक और जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश खुद मोर्चे पर पहुंचे। मोकमपुरा थाने के पास सड़क पर ही अधिकारियों और सांसद हनुमान बेनीवाल के बीच देर रात तक कई दौर की वार्ता हुई।

## कलेक्टर-जेडीसी के नहीं आने पर सांसद-विधायक भड़के

जयपुर। जयपुर के द्रव्यवती प्रोजेक्ट को लेकर कलेक्ट्रेट में बुलाई गई बैठक में कलेक्टर संदेश नायक,जेडीसी और निगम कमिश्नर के नहीं पहुंचने पर बीजेपी सासंद और विधायकों ने नाराजगी जताई। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने खरी-खोटी सुनाते हुए ब्यूरोक्रेसी के रवैये पर गंभीर सवाल उठाए। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि अफसरों को द्रव्यवती नदी से नहीं द्रव्य (पैसे) से मतलब है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा- लगता है, कलेक्टर, कमिश्नर, जेडीसी सभी ने एक ही दिन छुट्टी ले ली।

### सांसद भड़के, विशेषाधिकार हनन में कार्रवाई की दी चेतावनी

जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने अफसरों के रवैये पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा- द्रव्यवती पर बैठक है और जिम्मेदार अफसर गायब हैं। कितनी बार से द्रव्यवती पर चर्चा हो रही है, लेकिन गंभीरता का आलम यह है कि जिम्मेदार ही बैठक में नहीं आते। सांसद ने गुस्से में विशेषाधिकार हनन में कार्रवाई करने तक की चेतावनी दे दी।

## पुलिस में अब इन्वेस्टिगेशन और लॉ-एंड-ऑर्डर की अलग-अलग विंग

### हाईकोर्ट में पेश किया प्लान, 20 थानों में शुरू होगा पायलट प्रोजेक्ट; जांच अधिकारी रहेंगे वीआईपी ड्यूटी से दूर

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस में पेंडिंग केस बढ़ने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई थी। इस पर अब पुलिस में बड़े बदलाव की तैयारी है। पुलिस थानों में अब इन्वेस्टिगेशन, लॉ एंड ऑर्डर (कानून व्यवस्था) और एडमिनिस्ट्रेटिव (प्रशासनिक) की अलग-अलग विंग होगी। पुलिस ने राजस्थान हाईकोर्ट में इसका प्लान पेश किया है। हाईकोर्ट ने लंबे समय तक केस की जांच पूरी नहीं होने, पेंडेंसी बढ़ने को लेकर पुलिस में इन्वेस्टिगेशन और लॉ एंड ऑर्डर की अलग-अलग विंग बनाने का निर्देश दिया था। कोर्ट के सामने आया था कि एक ही पुलिसकर्मी के पास इन्वेस्टिगेशन, वीआईपी ड्यूटी, भीड़ नियंत्रण और कानून व्यवस्था व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी होती है। इससे जांच प्रभावित होती है और मामलों में अनावश्यक देरी होती है। इसकी पालना में पुलिस ने चार राज्यों (केरल, पंजाब, दिल्ली और बिहार) के मॉडल की स्टडी करके प्लान पेश किया। इसमें जांच अधिकारियों को नियमित कानून-व्यवस्था ड्यूटी, वीआईपी सुरक्षा, चुनाव ड्यूटी और अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियों से मुक्त रखा जाएगा। प्लान के अनुसार-राज्य के 20 चयनित पुलिस थानों में पायलट प्रोजेक्ट लागू किया जाएगा। प्रत्येक थाने में जांच, कानून-व्यवस्था और प्रशासन के लिए अलग-अलग इकाइयां बनाई जाएंगी।

## भीषण गर्मी में मानवता की मिसाल...

# स्काउट गाइड, रोवर-रेंजर द्वारा निरंतर जल सेवा जारी...

विकास शर्मा @चौमूं चौपाल



**चौमूं।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच चौमूं में स्काउट गाइड और रोवर-रेंजरों द्वारा चलाई जा रही निरंतर जल सेवा राहगीरों के लिए बड़ा सहारा बनी हुई है। इस पुनीत कार्य के तहत आज विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय प्रशासन और गणमान्य नागरिकों ने शिरकत कर स्काउट्स के इस सेवा भाव की जमकर सराहना की।

### मुख्य अतिथियों ने बढ़ाया हौसला.....

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जलदाय विभाग चौमूं के सहायक अभियंता सुनील कुमार कुमावत, थानाधिकारी हरबेन्द्र सिंह तथा अशोक कुमार स्वर्णकार उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने हाथों से राहगीरों को ठंडा जल पिलाकर इस सेवा कार्य की सराहना की। थानाधिकारी हरबेन्द्र सिंह ने कहा कि इतनी तपन और चिलचिलाती धूप में भी निस्वार्थ भाव से सेवा करना सच्चे स्काउटिंग जज्बे को दर्शाता है। वहीं सहायक अभियंता सुनील कुमार कुमावत ने कहा कि जल सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और संकट के इस दौर में स्काउट्स की यह पहल अनुकरणीय है।

### पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति....

इस सेवा शिविर को सफल बनाने में स्थानीय संघ के सचिव प्रताप सोनी तथा सहायक सचिव नंद किशोर बुनकर का विशेष मार्गदर्शन और सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि रोवर-रेंजरों द्वारा यह जल सेवा आगे भी इसी तरह निरंतर जारी रहेगी ताकि कोई भी राहगीर इस गर्मी में प्यासा न रहे। शिविर के दौरान स्थानीय स्काउटर, रोवर-रेंजर और गाइड मुस्तैदी से अपनी सेवाएं देते नजर आए कार्यक्रम में स्काउटर धर्मेंद्र कुमार नावरिया रोवर धर्मेंद्र प्रजापत,कुणाल सिंह,मोहित कुमावत रेंजर मुस्कान सैनी, अनीशा वर्मा, पूजा सैनी,तनु सोगण कोमल, खुशबू कुलदीपआदि उपस्थित रहे।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे पहुंचे चौमूं - हादसे में घायल महाराष्ट्र निवासियों से राज्यपाल ने की मुलाकात ....

**महाराष्ट्र निवासी 9 घायलों का चौमूं के आर.के. फैक्कर अस्पताल में चल रहा था उपचार ......**



**चौमूं।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे बुधवार शाम चौमूं पहुंचे। जंहा एनएच-52 हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में घायल लोगों से मुलाकात की। हादसे में घायल महाराष्ट्र निवासी 9 लोगों का चौमूं के आर.के. फैक्कर अस्पताल में उपचार जारी था। राज्यपाल ने अस्पताल पहुंचकर घायलों की कुशलक्षेम पूछी और चिकित्सकों से इलाज की जानकारी ली। अस्पताल निदेशक डॉक्टर राजेंद्र कुमार शर्मा से घायलों के बारे में राज्यपाल ने जानकारी ली। आपको बता दें कि सभी यात्री महाराष्ट्र से टेंपो क्रूजर गाड़ी में सवार होकर खाटूश्यामजी दर्शन के लिए जा रहे थे। जंहा एनएच-52 पर टेंपो क्रूजर और ट्रक की भिड़ंत हो गई थी, जिसमें 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 9 अन्य लोग घायल हो गए थे। जिनका शहर के जयपुर रोड स्थित आर.के. फैक्कर अस्पताल में उपचार चल रहा था।

## निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़, 71 मरीजों का होगा ऑपरेशन



@चौमूं चौपाल

**शाहपुरा।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के सहयोग से रणवीर सेवा समिति, मेडिकल रिलीफ सोसायटी एवं उप जिला चिकित्सालय शाहपुरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण शिविर में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर में नेत्र रोगियों की जांच एवं उपचार के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। शिविर का निरीक्षण करते हुए पीएमओ डॉ. विनोद योगी एवं उनकी टीम ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमणशील चिकित्सा इकाई द्वारा मरीजों की नेत्र जांच की गई। रणवीर सेवा समिति के अध्यक्ष विजय चौहान एवं उपाध्यक्ष रोहिताश रुण्डला ने बताया कि शिविर में कुल 210 मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिनमें से 75 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भर्ती किया गया है। नगर अध्यक्ष अमर सिंह पलसानिया एवं तरुण गुर्जर ने बताया कि भर्ती मरीजों और उनके परिजनों के लिए रहने, खाने, चाय-नाश्ते सहित सभी आवश्यक सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई गई हैं। शिविर में राकेश कुमार, प्रकाश गुर्जर, मनीष, धर्मेंद्र, सतीश, नितेश, सोनू सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सेवाएं दीं। पीएमओ डॉ. विनोद योगी ने बताया कि भर्ती मरीजों के ऑपरेशन मंगलवार को किए जाएंगे। भर्ती 75 मरीजों में से 71 मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा, जबकि 4 मरीजों की आंखों में बढ़े हुए मांस का ऑपरेशन किया जाएगा।

## संस्कार पब्लिक स्कूल 'इन्नोवेटिव एजुकेटर ऑफ द ईयर' से सम्मानित



**जयपुर।** हिंदुस्तान बुक का रिकॉर्ड के तत्वाधान में रविवार को आयोजित बेस्ट स्कूल ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड से मानसरोवर स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल को सम्मानित किया गया, संस्था द्वारा देश भर के चुनिंदा स्कूल्स को सम्मानित किया गया स्कूल को उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों, विद्यार्थियों को दी जा रही सनातन धर्म का पालन करने की शिक्षा एवं नैतिक मूल्यों के लिए दी जाने वाली शिक्षा, शिक्षा सुधार कार्यक्रम , नई शिक्षा नीतियों के पालन, विद्यार्थियों के सर्वत्र विकास कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सुधारो के लिए सम्मानित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर डॉ दिनेश कुमार सैनी ने बताया कि जयपुर में कुछ चुनिंदा स्कूलों को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया इन स्कूलों में से एक संस्कार पब्लिक स्कूल भी है, स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया, डॉ सैनी जी ने बताया कि स्कूल एक व्यक्ति विशेष का कार्य नहीं है यह एक सामूहिक कार्य है जिसमें प्रत्येक शिक्षक एवं प्रत्येक वो व्यक्ति जो इस संस्था से जुड़ा है उन सभी के सामूहिक प्रयासों से ही आज स्कूल को इस मुकाम पर पहुंचाया जा सका है, आयोजकों द्वारा संस्था द्वारा किए धार्मिक, सांस्कृतिक एवं शिक्षा नीति के समन्वय को भी बहुत सराहा गया, संस्था के सामूहिक प्रयास से ही आप किसी क्षेत्र की अग्रणी संस्थानों में स्वयं को शामिल करवा सकते हैं डॉ सैनी जी ने स्कूल से जुड़े सभी अध्यापिकाओं एवं अन्य स्टाफ का धन्यवाद किया और आगे भी स्कूल द्वारा ऐसे ही शिक्षा के विकास कार्यों को करते हुए शिक्षा के नए आयाम को प्राप्त करना लक्ष्य बताया।

# गूंजा 'वंदे गंगा' अभियान का संदेश, जल संरक्षण को मिला जनआंदोलन का रूप

**माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने किया पौधारोपण, नहर पूजन के साथ दिया जल बचाने का संदेश**





दामोदर कुमावत @चौमूं चौपाल

**फुलेरा।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 2026 के तहत लखुवाली हैड पर जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को लेकर प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री यादें माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने नहर स्थल पर पहुंचकर पौधारोपण किया तथा विधि विधान से नहर की पूजा-अर्चना कर जल के महत्व को जन मानस तक पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जल संरक्षण को केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जन-आंदोलन और जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए टाक ने यह संदेश दिया गया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जल भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है इस दौरान परंपरागत जल स्रोतों के संरक्षण, जल के विवेकपूर्ण उपयोग और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने पर विशेष चर्चा की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मिलकर जल संरक्षण की शपथ ली और जल की हर बूंद बचाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जिला प्रभारी सचिव जोगाराम, कलेक्टर खुशाल यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष बलवीर बिश्नोई, पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची, भाजपा नेता अमित सहू, चीफ इंजीनियर प्रदीप रस्तोगी, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंवर, सुशील जोशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता, विद्यार्थी एवं आमजन उपस्थित रहे।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस का आमेर एसडीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन

**पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दामों को लेकर सरकार पर साधा निशाना**

विशाल शर्मा @चौमूं चौपाल

**चौमूं।** बढ़ती महंगाई और जनसमस्याओं को लेकर शुक्रवार को आमेर के रामपुरा-डाबड़ी उपखंड कार्यालय परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। आमेर विधायक प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आमजन को राहत देने की मांग उठाई।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए आमेर विधायक प्रशांत शर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और खाद्य पदार्थों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी होने से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि जनता को राहत देने के बजाय सरकार केवल आश्वासन देने में लगी हुई है।



ओबीसी कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सैनी ने भी सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई के कारण आम परिवारों का घर चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की जरूरतों के सामान लगातार महंगे हो रहे हैं, जिससे लोगों का बजट बिगड़ गया है।

वहीं जयपुर कांग्रेस उपजिला प्रमुख मोहन डागर ने कहा कि सरकार को जल्द महंगाई पर नियंत्रण कर जनता को राहत देनी चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार विरोधी नारे लगाए। इस मौके पर कई वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी मौके पर तैनात रहा। इस मौके पर बाबूलाल,नानूराम निठारवाल, बद्रीनारायण नांगल सिरस, बुद्धिस्ट गोगटवाल, ऐश्वर्य अटल, अभि शर्मा, प्रतिष्ठा यादव, तेजपाल कुलरिया, जाहोता के पूर्व सरपंच अनिल मेहता, रामचंद्र सैनी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, मनीष गुलिया, मालीराम यादव, राजेश तानावाड़, मुकेश शर्मा एवं मोहन गोरा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

## श्री जी महाराज के मंदिर में भरा लक्की मेला - हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन मनोकामना मांगी ...



योगेश कुमार गुप्ता @चौमूं चौपाल

**बांसखोह।** बस्सी क्षेत्र स्थित बैनाडा सिद्ध पीठ धाम में श्री जी महाराज के मंदिर में फूल बंगले से आकर्षक झांकी सजाई गई इस मौके पर महंत श्री श्री 1008 रामदयाल दास महाराज द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करके आरती करके सभी को प्रसाद वितरित किए इस दौरान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा इस दौरान बस्सी पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था की गई ओर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से किया इस मौके पर मंदिर के महंत श्री श्री 1008 रामदयाल दास महाराज ने बताया कि हर महीने की पूर्णिमा का मेला भरता है लेकिन इस बार अधिक मास का महीना होने से काफी दूर दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने श्री जी महाराज के मंदिर में दर्शन किए इस दौरान आए हुए कलाकारों द्वारा रंगारंग भजनों का कार्यक्रम किया गया महाराज ने बताया कि यहां पर जो भी श्रद्धालु आते हैं उनकी हर मनोकामना पूरी होती हैं और यहां पर आने से हर व्यक्ति के किसी भी तरह की बीमारी जैसे मुस, सफेद दाग, टाइफाइड,अन्य कई तरह की बीमारियां ठीक होती है और मंदिर के बाहर जगह जगह मेले की तरह दुकानें सजाई गई हैं जिसमें दुकानों पर दिन भर ग्राहकों की भीड़ लगी रही,और पूर्णिमा पर जगह जगह समाजसेवी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शर्बत शिकंजी पानी फल आदि की व्यवस्था की गई इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में जय जयकार लगाते हुए नजर आए इस मौके पर मंदिर के महंत श्री श्री 1008 रामदयाल दास महाराज द्वारा मीडियाकर्मी योगेश कुमार गुप्ता का माला व शॉल ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया इस दौरान मंदिर के राजू शर्मा अन्य काफी संख्या में भक्त मौजूद थे।

## स्वदेशी जागरण मंच का जिला विचार वर्ग संपन्न...

# स्वदेशी, स्वावलंबन और ऊर्जा संरक्षण का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाने का लिया संकल्प

विशाल शर्मा @चौमूं चौपाल

**चौमूं।** शहर थाना मोड़ स्थित आदर्श विद्या मंदिर में स्वदेशी जागरण मंच का जिला विचार वर्ग एवं सम्मेलन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मंडी व्यापार मंडल के संरक्षक नंदकिशोर कूलवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में स्वदेशी, स्वावलंबन, राष्ट्र निर्माण और ऊर्जा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### स्वदेशी विचारधारा और राष्ट्र निर्माण पर जोर

जिला संयोजक देवदत्त शर्मा ने स्वदेशी जागरण मंच की स्थापना, उद्देश्यों और विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए संगठन की भूमिका को रेखांकित किया। भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री डॉ. सांवरमल सोलेट ने राष्ट्रवादी चिंतक दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन एवं उनके योगदान पर विचार व्यक्त किए। शिक्षाविद नवीन कुमार शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के स्वदेश प्रेम और एकात्म मानववाद की विचारधारा की प्रासंगिकता बताई। जिला प्रचार प्रमुख शंकर लाल जांगिड़ ने स्वदेशी आंदोलन के प्रथम बलिदानी बाबू गेनू के त्याग और बलिदान का स्मरण कराया।




### ऊर्जा संरक्षण को बताया राष्ट्रभक्ति का दायित्व

समापन सत्र में राजस्थान के प्रचार प्रमुख एडवोकेट सुदेश सैनी ने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पेट्रोल, डीजल, गैस, उर्वरक और खाद्य तेलों के संयमित उपयोग का संदेश देते हुए इसे देशहित से जुड़ा विषय बताया। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेंद्र शेरावत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादों और जीवनशैली की महत्ता पर अपने विचार रखे।

### स्वावलंबी भारत के लिए उद्यमिता और कौशल विकास जरूरी

द्वितीय सत्र में प्रांत विचार प्रमुख धर्मेंद्र शर्मा पुरुषोत्तम ने स्वावलंबी भारत अभियान की चर्चा करते हुए उद्यमिता, कौशल विकास और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने का आह्वान किया। औषधीय फसलों की खेती से जुड़े किसान कालूराम सैनी ने अपने अनुभव साझा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

### नई कार्यकारिणी की घोषणा

इस अवसर पर जिला संयोजक देवदत्त शर्मा ने चौमूं, रामपुरा, जालसू, कालाडेरा, गोविंदगढ़, खेजरोली, बांसा सहित विभिन्न तहसीलों तथा महिला कार्यकारिणी की नई जिम्मेदारियों की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी, स्वावलंबन एवं ऊर्जा संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कल्याण मंत्र के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

# चालान से शुरू हुआ विवाद - ट्रांसपोर्टरों का फूटा गुस्सा

**ट्रैफिक पुलिस पर अभद्रता के आरोप, सड़क पर उतरे संगठन...**

**14 नंबर पुलिया पर जुटे ट्रांसपोर्टर - दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग पुलिस के उच्च अधिकारियों के नाम सौंपा ज्ञापन.....**

**सीपी गहलोत@चौमूं चौपाल**





**जयपुर ।** विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के जयपुर-सीकर हाईवे स्थित 14 नंबर पुलिया के नीचे ट्रैफिक पुलिस और ट्रांसपोर्ट संगठनों के बीच विवाद ने गुरुवार को बड़ा रूप ले लिया। ट्रांसपोर्ट संगठनों ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों पर अभद्र व्यवहार, और ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों का अपमान करने के गंभीर आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टर सड़क पर उतर आए और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम 14 नंबर पुलिया के नीचे ट्रैफिक पुलिस कर्मी वाहनों की जांच और यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। इसी दौरान विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट संगठन से जुड़े एक वाहन को रेड लाइट पार करने के आरोप में रोका गया। बताया गया कि वाहन रेड लाइट से करीब दो फीट आगे निकल गया था, जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने चालान की कार्रवाई की।

आरोप है कि मामले को समझने और बातचीत करने पहुंचे शांति गोल्डन ट्रांसपोर्ट के मालिक आशीष खंडेलवाल के साथ मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने अभद्र व्यवहार किया। ट्रांसपोर्ट संगठन के लोगों का कहना है कि पुलिस कर्मियों ने अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया, जिससे ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों में भारी नाराजगी फैल गई।

घटना की जानकारी फैलते ही ट्रांसपोर्ट संगठनों में रोष बढ़ गया और गुरुवार सुबह 14 नंबर पुलिया के नीचे बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टर, वाहन संचालक और संगठन से जुड़े सदस्य एकत्रित हो गए। प्रदर्शनकारियों ने ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए इलाके में तनावपूर्ण माहौल भी बना रहा।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई केवल चालान तक सीमित नहीं रही, बल्कि व्यापारियों के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला व्यवहार किया गया। उन्होंने मांग की कि 14 नंबर पुलिया पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी राजवीर और टोड़ी मोड़ पर तैनात हेड कांस्टेबल महेंद्र के खिलाफ जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

बाद में ट्रांसपोर्ट संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने विश्वकर्मा थाना प्रभारी रविंद्र नरूका को पुलिस के उच्च अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाने, दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और भविष्य में ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने की मांग की गई।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद ट्रांसपोर्ट संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और बड़ा रूप दिया जाएगा। वहीं, घटना के बाद क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों और पुलिस प्रशासन के बीच इस मुद्दे को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

# जल संरक्षण और स्वच्छता के लिए आगे आईं रत्ना कुमारी शाहपुरा

**नाहरगढ़ कुंड में चलाया जनजागरण अभियान**





**शाहपुरा।** राजस्थान सरकार के महत्वाकांक्षी वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जयपुर के ऐतिहासिक नाहरगढ़ कुंड में आयोजित स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रत्ना कुमारी शाहपुरा ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा का सशक्त संदेश दिया। अभियान के दौरान रत्ना कुमारी शाहपुरा स्वयं स्वच्छता कार्य में शामिल हुईं और उपस्थित नागरिकों, युवाओं एवं स्वयंसेवकों को जल स्रोतों के संरक्षण तथा ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामाजिक और नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि मेरी धरोहर, मेरी जिम्मेदारी केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने का सामूहिक संकल्प है। जल, पर्यावरण और ऐतिहासिक धरोहरें आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य पूंजी हैं, जिनका संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

रत्ना कुमारी शाहपुरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत और जल संरक्षण के संकल्प तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित जनहितकारी अभियानों को जन-जन तक पहुंचाना समय की मांग है। ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नाहरगढ़ कुंड क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता कार्य किया गया तथा जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। अंत में रत्ना कुमारी शाहपुरा ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा को जन-आंदोलन का स्वरूप दें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों और जनभागीदारी से ही स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध राजस्थान के निर्माण का सपना साकार हो सकता है।

# आरसीए ने खिलाड़ियों के हित में खेल-परिषद को भेजा प्रस्ताव

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ की एडहॉक कमेटी ने प्रदेश में क्रिकेट गतिविधियों को अधिक व्यवस्थित, पेशेवर और खिलाड़ियों के हित में संचालित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। RCA ने जयपुर के सवाई मानसिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सालभर ज्यादा से ज्यादा क्रिकेट मुकाबले आयोजित कराने के लिए राजस्थान राज्य खेल परिषद को नया प्रस्ताव सौंपा है। इस प्रस्ताव के तहत RCA ने स्टेडियम उपयोग के बदले प्रति माह 4 लाख रुपए देने की पेशकश की है। RCA एडहॉक कमेटी के संयोजक डॉ. मोहित जसवंत यादव और सदस्य अरिष्ट सिंघवी ने शुक्रवार को खेल परिषद सचिव राजकेश मीणा से मुलाकात कर स्टेडियम और RCA अकादमी मैदान पर क्रिकेट गतिविधियों के संचालन और रखरखाव को लेकर चर्चा की। बैठक में RCA की ओर से कहा गया कि वर्तमान ग्राउंड फीस (प्रति मैच 1 लाख रुपए) व्यवस्था पूरी तरह व्यावहारिक नहीं है, जिसके कारण पूरे साल में एसएमएस स्टेडियम में RCA की मेजबानी वाले मुकाबले 5 प्रतिशत से भी कम हो पा रहे हैं।

## खेल परिषद को दे रहे एक लाख किराया

डॉ. मोहित जसवंत यादव ने बताया कि फिलहाल **BCCI** टूर्नामेंट के मुकाबलों के लिए खेल परिषद को प्रति मैच 1 लाख रुपए किराया दिया जाता है, जबकि **RCA** अपने घरेलू और अन्य टूर्नामेंट के लिए प्रति मैच 50 हजार रुपए का भुगतान करता है। किराया अधिक होने के कारण संघ को अपने अधिकांश मुकाबले दूसरे मैदानों पर शिफ्ट करने पड़ते हैं।

इससे प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को जयपुर के विश्वस्तरीय मैदान पर खेलने का अवसर नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि **RCA** सालभर में 300 से अधिक मैच आयोजित करता है। ऐसे में अगर नई व्यवस्था लागू होती है तो एसएमएस स्टेडियम में लगातार क्रिकेट गतिविधियां बढ़ सकेंगी।







चौमूं चौपाल न्यूज़ पेपर प्रकाशक कमलेश शर्मा द्वारा रेलवे स्टेशन रोड, चौमू, जयपुर-303702 मालिक कमलेश शर्मा की ओर से प्रकाशित की जाती है। संपादक कमलेश शर्मा द्वारा संपादित की जाती है और महारानी प्रिंटिंग प्रेस,17 वैष्णो देवी नगर कालवाड़ रोड, जयपुर पर कमलेश शर्मा द्वारा मुद्रित की जाती है। पी.आर.बी. एक्ट तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। मो. 9828403331